RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2023-2024

सच्चाई से रुबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-134 | जयपुर, गुरुवार, 13 नवम्बर 2025 | मूल्य-4 रुपये

**आतंकी नेटवर्क पर करारी चोट:** जमात-ए-इस्लामी के खिलाफ कार्रवाई, कुलगाम से सोपोर तक छापामारी, डॉक्टर हिरासत में

# लाल किले के पास धमाके में घायल हुए लोगों से मिले प्रधानमंत्री मोदी, कहा-दोषियों को नहीं बख्शेंगे

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण (एलएनजेपी) अस्पताल का दौरा कर लाल किले के पास हुए विस्फोट के पीड़ितों से मुलाकात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस साजिश के पीछे के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें कटघरे में लाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी भूटान से लौटने के बाद सीधे अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों से बातचीत की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान, अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद थी। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री को अस्पताल में डॉक्टरों और अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा स्थिति की जानकारी भी दी गई।

यह विस्फोट सोमवार को लाल किले के ट्रैफिक सिग्नल के पास एक धीमी गति से चल रहे वाहन में हुआ था, जिसमें 12 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इससे पहले, सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की थी और उनका हालचाल जाना था। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'एलएनजेपी अस्पताल जाकर दिल्ली में हुए विस्फोट के घायलों से मिला। सभी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।'





### पुलिस को अल फलाह यूनिवर्सिटी के एक और डॉक्टर की तलाश

दिल्ली पुलिस को एक अन्य डॉ. निसार उल हसन की भी तलाश है। निसार दिल्ली ब्लास्ट के बाद से फरार है। निसार फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ाता था। उसे कश्मीर में आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के कारण अस्पताल से बर्खास्त कर दिया गया था। निसार पर 2023 में आरोप तय किए गए थे। अल फलाह यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर डॉ भूपिंदर कौर ने बयान जारी करते हुए कहा कि, हम इन घटनाओं (दिल्ली ब्लास्ट) की निंदा करते हैं। पता चला है कि हमारे दो डॉक्टरों को जांच एजेंसियों ने हिरासत में लिया है। हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि यूनिवर्सिटी का इन व्यक्तियों से कोई संबंध नहीं है। वे सिर्फ यहां पढ़ाते थे। यूनिवर्सिटी कैंपस में किसी भी केमिकल या अन्य सामग्री का न तो उपयोग किया गया है, न ही स्टोरेज। सभी खबरें फर्जी हैं। दिल्ली धमाके में इस्तेमाल हुंडई टी20 डॉ. उमर चला रहा था। उमर अल-फलाह यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर था। गिरफ्तार किए गए 2 लोगों में शामिल डॉ. मुजम्मिल शकील यूनिवर्सिटी में असोसिएट प्रोफेसर और सर्जन है। वहीं, महिला डॉ. शाहीन सईद भी यूनिवर्सिटी में काम करती थी। हालांकि, यूनिवर्सिटी में वह किस पद पर थी, इसको लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है।

### घटनास्थल से 40 सैंपल कलेक्ट, एक में अमोनियम नाइट्रेट की संभावना

घटना वाली जगह से करीब 40 सैंपल कलेक्ट किए गए हैं। शुरुआती जांच में पता चला है कि एक सैंपल में अमोनियम नाइट्रेट होने की संभावना है। ब्लास्ट से पहले टेरर मॉड्यूल के खिलाफ कार्रवाई में जो 2900 किग्रा विस्फोटक मिला था। उसमें अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम क्लोरेट और सल्फर शामिल था।

### आतंक का व्हाइट कॉलर मॉड्यूल, इसमें पेशेवर शामिल

सूत्रों के मुताबिक धमाकों की साजिश जनवरी से की जा रही थी। फरीदाबाद से गिरफ्तार डॉ. शाहीन शाहिद ने बताया कि वह पिछले दो साल से विस्फोटक जमा कर रही थी। शाहीन और उसके साथी फरीदाबाद के एक वाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल से जुड़े थे। यानी इसमें शामिल लोग पेशेवर थे। इनका ग्रुप फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी से गतिविधियां चला रहा था। इस मॉड्यूल में शामिल आतंकी जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद नाम के संगठनों जुड़े थे। जांच एजेंसियों का कहना है कि वे धार्मिक स्थलों पर हमला कर देश में सांप्रदायिक तनाव फैलाना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने कश्मीर के पुलवामा, शोपियां और अनंतनाग के डॉक्टरों को चुना, ताकि वे बिना रोकटोक कहीं भी जा सकें।

### कार धमाका सुसाइड कार बॉम्बिंग जैसा हमला नहीं था

सूत्रों के अनुसार, कार ने किसी टारगेट को टक्कर नहीं मारी, न किसी बिल्डिंग में घुसी, यानी यह सुसाइड कार बॉम्बिंग जैसा हमला नहीं था। उमर विस्फोट में मारा जा चुका है। पुलिस ने उसकी मां का डीएनए सैंपल लिया है, ताकि धमाके के अवशेष में मिले शव के टुकड़ों की पहचान हो सके। लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास सोमवार शाम करीब 6.52 बजे सफेद टी20 कार में ब्लास्ट हुआ था। इसमें 12 लोगों की मौत हुई। सूत्रों का कहना है कि कार में विस्फोट सामाग्री वही थी, जो फरीदाबाद से 10 नवंबर को धमाके से पहले जब्त की गई थी।

### आरोपी डॉक्टर ने 26 जनवरी को लाल किले में हमले का प्लान बनाया था

आरोपी डॉक्टर मुजम्मिल के मोबाइल डेटा से पता चला है कि, मुजम्मिल ने इस साल जनवरी में लाल किला इलाके की रेकी की थी। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने एक पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि ये रेकी 26 जनवरी को लाल किले को निशाना बनाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थी। लेकिन उस समय इलाके में छानबीन के दौरान उनकी प्लानिंग फेल हो गई थी।

### शोपियां-कुलगाम में जमात-ए-इस्लामी एक्टिविस्ट के ठिकानों पर रेड

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को शोपियां और कुलगाम में 200 से ज्यादा ठिकानों पर छापा मारा। इनमें जमात-ए-इस्लामी एक्टिविस्ट के घर भी शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, छापे के दौरान नादिगाम में डॉ. हमीद फयाज और चित्रगाम में मोहम्मद यूसुफ फलाही सहित अन्य के घरों की तलाशी ली गई।

### दिल्ली ब्लास्ट मामले में कश्मीर का 5वां डॉक्टर गिरफ्तार

लाल किला विस्फोट मामले में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कश्मीर के कुलगाम से मंगलवार रात एक और डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। डॉक्टर की पहचान डॉ. तजामुल के रूप में की गई है। वह श्रीनगर के अस्पताल में काम करता है। उसे श्रीनगर में उसके किराये के कमरे से गिरफ्तार किया गया है। ब्लास्ट मामले में कश्मीर का यह 5वां डॉक्टर है, जिसे पकड़ा गया है।



## फरीदाबाद से बरामद हुई लाल रंग की इकोस्पोर्ट

**धमाके वाली रात संदिग्धों ने इसका किया था इस्तेमाल**

फरीदाबाद

दिल्ली में हुए धमाके के मामले में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिस दूसरी लाल रंग की इकोस्पोर्ट कार का इस्तेमाल संदिग्धों द्वारा किया गया था, उसे फरीदाबाद के खंदावली गांव से बरामद कर लिया गया है। फरीदाबाद पुलिस ने इस संबंध में जानकारी मिलने के बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया है। यह बरामदगी मामले की जांच में अहम साबित हो सकती है, क्योंकि यह कार घटना के तार फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल से जोड़ने का संकेत दे रही है। पुलिस इस गाड़ी से जुड़े अन्य सुरागों की भी तलाश कर रही है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस ने लाल रंग की इकोस्पोर्ट डीएल 10 सीके 0458 को पकड़ा है, जिसके दिल्ली ब्लास्ट मामले के मुख्य संदिग्ध डॉ. उमर से जुड़े होने का संदेह है। यह खंदावली गांव के पास खड़ी मिली है। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस सूत्रों ने बताया कि आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद के फरीदाबाद मॉड्यूल के संदिग्ध फरीदाबाद में पुलिस की दबिश बढ़ने के बाद दिल्ली में दो कारों से पहुंचे थे। एक कार, जोकि हरियाणा नंबर की है, से लालकिले के सामने बम धमाका किया गया है। जबकि दूसरी (ईकोस्पोर्ट) कार बेलगाम घूम रही थी। इसका रजिस्ट्रेशन नंबर-डीएल-10 सीके 0458 है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों कारें एक साथ दिल्ली पहुंची थी और चांदनी चौक पार्किंग में भी एक ही साथ थीं।

### लाल इकोस्पोर्ट में सवार था एक संदिग्ध

इस कार में एक संदिग्ध सवार था और वह आई-20 कार में सवार संदिग्धों से बात भी कर रहा था। स्पेशल सेल के एक अधिकारी ने बताया कि ये दोनों कारें बदरपुर बॉर्डर से एक साथ ही दिल्ली घुसी थीं। साथ ही चांदनी चौक व लालकिले के आसपास एक साथ घूम रही थी।

दिल्ली पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार देर रात तक इस कार व उसमें सवार संदिग्ध के बारे में कोई सुराग हाथ नहीं लगा था। पुलिस अब इस कार से जुड़ी हर छोटी-बड़ी डिटेल खंगालने में जुट गई है, जिससे इसमें सवार उस संदिग्ध तक पहुंचा जा सके और पूरे मामले की कड़ियां जोड़ी जा सकें।

## सांचौर में किरोड़ी मीणा ने 3 फैक्ट्रियों में छापा मारा

**प्रतिबंधित बायोस्टिमुलेंट खाद मिली, इंडस्ट्री को सप्लाई हो रहा था किसानों का यूरिया**

सांचौर

कैबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने बुधवार को जालोर जिले के सांचौर में खाद-बीज निर्माण की 3 फैक्ट्रियों में छापा मारा। जांच में एक फैक्ट्री से प्रतिबंधित बायोस्टिमुलेंट खाद मिली है। साथ ही अन्य फैक्ट्रियों से किसानों के यूरिया खाद को दूसरे कट्टों में भरकर इंडस्ट्रीज को बेचना सामने आया है।

सबसे पहले मंत्री किरोड़ी मीणा सुबह 11.30 बजे स्वास ग्रीन एग्रीटेक इंडिया फैक्ट्री पहुंचे। फैक्ट्री में बड़ी संख्या में प्रतिबंधित बायोस्टिमुलेंट खाद मिला। साथ ही सामने आया कि यहां बिना लाइसेंस खाद तैयार किया जा रहा था।

यहां पर किरोड़ी मीणा ने अचलपुर निवासी फैक्ट्री मालिक महिपाल सिंह को फोन किया और मौके पर बुलाया। फोन पर किरोड़ी मीणा ने कहा कि फैक्ट्री पहुंचों नहीं तो फैक्ट्री पर ताला लग जाएगा।



### पॉश मशीन में माल जीरो, अंदर 30 हजार बैग रखे

दोपहर करीब 12.30 बजे मंत्री किरोड़ी मीणा दिनेश एग्रो फैक्ट्री पहुंचे। यहां उन्होंने जांच की। जांच के बाद मंत्री ने कहा कि किसान का यूरिया यहां से इंडस्ट्रीज को भेजा जा रहा है। किसानों को मिलने वाली सब्सिडी फैक्ट्री और यूरिया खरीदने वाले ले रहे हैं। प्लांट पर कोई बोर्ड नहीं है। गोदाम में माल भरा हुआ है। उस पर किसी कंपनी का नाम नहीं है। पॉश मशीन में माल जीरो दिखा रखा है, लेकिन यहां 30 हजार बैग रखे हैं। सरकार पर्याप्त यूरिया भेज रही है, फिर भी किसानों के पास यूरिया नहीं पहुंच पा रहा है, क्योंकि किसान का यूरिया ब्लैक में जा रहा है।

## अमेरिकी अरबपतियों ने ममदानी की जीत पर चिंता जताई, कहा-उनके फैसले से शहर बदतर हो जाएगा

वॉशिंगटन डीसी

न्यूयॉर्क सिटी के मशहूर रियल एस्टेट अरबपति बैरी स्टर्नलिक्ट ने आशंका जताई है कि ममदानी की लीडरशिप में शहर हालात बदतर हो सकते हैं। सीएबीसी न्यूज से बात करते हुए उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क भी मुंबई के जैसा बन सकता है। दरअसल ममदानी ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान कई बड़े वादे किए थे। इनमें घरों के किराए को फ्रीज करना यानी बढ़ने से रोकना, शहर में मुफ्त बस सर्विस शुरू करना और छोटे बच्चों के लिए मुफ्त चाइल्डकेयर देना शामिल है। इसे लेकर स्टर्नलिक्ट का मानना है कि किराया फ्रीज करने और किरायेदारों को ज्यादा छूट देने से मकान मालिकों की हालत खराब हो जाएगी। उन्होंने कहा- अगर एक किरायेदार किराया नहीं देता और उसे निकाला नहीं जा सकता, तो बाकी लोग भी नहीं देंगे। धीरे-धीरे पूरा सिस्टम टूट जाएगा और न्यूयॉर्क, मुंबई जैसा बन जाएगा।

## एक्टर धर्मेंद्र अस्पताल से डिस्चार्ज, डॉक्टर बोले- परिवार घर पर इलाज चाहता है

मुम्बई

एक्टर धर्मेंद्र को बुधवार सुबह मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। उनके परिवार ने फैसला किया है कि अब उनका इलाज घर पर ही किया जाएगा। यह जानकारी उनके डॉक्टर ने दी। मीडिया से बात करते हुए डॉ. प्रतीत समदानी ने बताया कि धर्मेंद्र पिछले कई हफ्तों से कभी अस्पताल में भर्ती हो रहे थे, तो कभी घर लौट रहे थे। उन्हें सुबह करीब 7:30 बजे अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। वहीं, धर्मेंद्र के डिस्चार्ज होने के बाद परिवार ने प्राइवेसी की अपील करते हुए आधिकारिक बयान में कहा, धर्मेंद्र जी को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और अब वे घर पर आराम करेंगे।

### रिटेल महंगाई 14-साल में सबसे कम, अक्टूबर में 0.25% रही

**नई दिल्ली।** अक्टूबर में रिटेल महंगाई 0.25% के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई है। इसका कारण खाने-पीने की चीजों की कीमतों में कमी है। ये वर्तमान सीपीआई सीरीज में अब तक की सबसे कम महंगाई है। यानी, ये करीब 14 साल का निचला स्तर है। इससे पहले सितंबर में ये 1.44% पर थी। भारत में सीपीआई की मौजूदा सीरीज 2012 के बेस ईयर पर बेस्ड है।

## गुजरात में भरूच की केमिकल कंपनी में बॉयलर फटा, 3 की मौत



भरूच

गुजरात में भरूच जिले के इंडस्ट्रियल एरिया जीआईडीसी में मंगलवार देर रात एक कंपनी में विस्फोट से तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 24 कर्मचारी घायल हो गए। घायलों को भरूच के अलग-अलग अस्पतालों में एडमिट करवाया गया है। इनमें 4-5 कर्मचारियों की हालत गंभीर है। बायलर फटने से लगी आग सायखा गांव के पास जीआईडीसी की विशाल फार्मा नाम की कंपनी में रात करीब ढाई बजे बॉयलर फट गया, जिससे प्लांट में आग लग गई। विस्फोट इतना तेज था कि आसपास की 4 कंपनियों को भी नुकसान पहुंचा। हादसे में तीन कर्मचारियों की मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 6 टीमें मौके पर पहुंचीं।

## राजस्थान के 3 शहरों में 35-ठिकानों पर इनकम-टैक्स की रेड

**भीलवाड़ा में रत्नाकर ग्रुप, सीकर में खंडेलवाल ट्रेडिंग कंपनी और सालासर ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन पर छापेमारी**

जयपुर

राजस्थान में जयपुर, सीकर और भीलवाड़ा में स्टील कारोबार से जुड़ी कंपनियों पर आयकर विभाग ने छापेमारी की। इन तीनों शहरों में 35 ठिकानों पर बुधवार सुबह से टैक्स चोरी को लेकर सर्च किया जा रहा है।

आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक, स्टील कारोबारी से जुड़ी कंपनियों में बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी को लेकर सूचना मिल रही थी। आयकर विभाग की टीमों ने जयपुर, सीकर और भीलवाड़ा में स्टील कारोबारियों के ऑफिस-घर के साथ ही उनसे जुड़े लोगों पर भी छापेमारी की। तीनों शहर में छापेमारी में आयकर विभाग की करीब 50 टीम लगी हुई है। जयपुर में 15 जगहों सहित सीकर और भीलवाड़ा में कुल 35 जगहों पर एक साथ रेड की गई। छापेमारी में करोड़ों रुपए की टैक्स चोरी उजागर होने की उम्मीद जताई है।




### सीकर में 2 कंपनियों पर छापा

सीकर में इनकम टैक्स विभाग की टीमों ने खंडेलवाल ट्रेडिंग कंपनी और सालासर ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन पर छापा मारा है। इनकम टैक्स के 12 से ज्यादा अधिकारी और कर्मचारी 4 गाड़ियों में सीकर पहुंचे। इनकम टैक्स की टीम ने सभी स्टील कारोबारियों के दफ्तर और फैक्ट्री में मौजूद दस्तावेजों की जांच कर रही है। इसके अलावा वहां रखे डिजिटल उपकरणों को भी खंगाला जा रहा है, ताकि टैक्स चोरी से जुड़े सबूत जुटाए जा सकें।

### भीलवाड़ा में रत्नाकर ग्रुप पर हुआ एक्शन

भीलवाड़ा में रत्नाकर ग्रुप के ठिकानों पर छापे मारे गए हैं। इनकम टैक्स के अधिकारियों की टीम गांधीनगर स्थित ग्रुप के मुख्य कार्यालय और पांसल रोड की फैक्ट्री में पहुंची और सर्च की कार्रवाई शुरू की। इससे पहले रत्नाकर ग्रुप पर डीजीजीआई ने कार्रवाई करते हुए करीब 20 करोड़ रुपए की पेनल्टी लगाई थी। रत्नाकर सरिया के डायरेक्टर शंकर लाल जाट हैं, उनके भाई डालचंद जाट भी कंपनी में सहयोगी है। इसमें शंकर लाल जाट का बेटा राजेंद्र चौधरी भी कारोबार संभालता है। कंपनी का सालाना टर्न ओवर 100 करोड़ से ज्यादा का बताया गया है।

## राष्ट्रपति ट्रम्प बोले- अमेरिका में टैलेंटेड लोगों की कमी, इसलिए विदेशी स्किल्ड लोगों की जरूरत

वॉशिंगटन डीसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि देश में कई अहम नौकरियों के लिए पर्याप्त टैलेंटेड लोग नहीं हैं, इसलिए विदेशी स्किल्ड वर्कर्स की जरूरत पड़ती है।

ट्रम्प ने यह बयान फॉक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में दिया। एंकर लॉरा इंग्राहम ने ट्रम्प से पूछा कि क्या एच-1बी वीजा की संख्या कम की जाएगी, क्योंकि इससे अमेरिकी मजदूरों के वेतन पर असर पड़ता है?

ट्रम्प ने जवाब दिया, 'हां, मैं सहमत हूं, लेकिन आपको बाहर से टैलेंट भी लाना होगा।'

जब एंकर ने कहा कि अमेरिका में काफी टैलेंटेड लोग हैं, तो ट्रम्प बोले, 'नहीं, कुछ खास क्षेत्रों में हमारे पास टैलेंट नहीं है। आप बेरोजगार लोगों को उठाकर मिसाइल फैक्ट्री में नहीं भेज सकते।' इससे पहले सितंबर में ट्रम्प प्रशासन ने एच-1बीवीजा की एप्लिकेशन फीस को 100 गुना बढ़ाकर 1 हजार डॉलर से 1 लाख डॉलर कर दिया है।

### विदेशी छात्रों पर ट्रम्प का यू टर्न

विदेश छात्रों को लेकर अपने रुख में यू-टर्न लिया है। ट्रम्प ने कहा है कि विदेशी छात्रों को अमेरिका में पढ़ाई की अनुमति मिलती रहनी चाहिए, क्योंकि वे न सिर्फ देश की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाते हैं बल्कि विश्वविद्यालयों की आर्थिक स्थिति को भी संभालते हैं।

उन्होंने कहा कि अगर चीन और दूसरे देशों से आने वाले विदेशी छात्रों की संख्या घटाई गई, तो अमेरिका के करीब आधे कॉलेजों के बंद होने की नौबत आ जाएगी।

ट्रम्प ने कहा कि दुनियाभर से आने वाले आधे छात्रों को नहीं रोक सकते, ऐसा किया तो हमारे कॉलेज-यूनिवर्सिटी सिस्टम को भारी नुकसान होगा। मैं ऐसा नहीं चाहता। मैं मानता हूं कि बाहर के देशों से छात्रों का आना अच्छा है, मैं दुनिया से रिश्ते बेहतर रखना चाहता हूं।

## हरियाणा सरकार ने भूतपूर्व अग्निवीरों को दी सौगात... ऊपरी आयु सीमा में छूट

गुरुग्राम (एजेंसी)। हरियाणा सरकार ने राज्य के मूल निवासी भूतपूर्व अग्निवीरों को सैन्य सेवा पूरी करने के बाद सीधी भर्ती के दौरान ऊपरी आयु सीमा में छूट देने का निर्णय लिया है। भूतपूर्व अग्निवीरों को ग्रुप बी और ग्रुप सी के पदों पर सीधी भर्ती के लिए निर्धारित ऊपरी आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट मिलेगी। भूतपूर्व अग्निवीरों के पहले बैच के सदस्यों को आयु सीमा में पाँच वर्ष की छूट मिलेगी। सभी विभागों, बोर्डों, निगमों, विश्वविद्यालयों और क्षेत्रीय कार्यालयों को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। 17 जून को, भारत सरकार ने भारत सरकार (कार्य आवंटन) नियम, 1961 में संशोधन किया, जिसके तहत गृह मंत्रालय (एमएचए) को सशस्त्र बलों से चार साल के कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त होने वाले अग्निवीरों के करियर की प्रगति के समन्वय और सुविधा प्रदान करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गृह मंत्रालय नोडल मंत्रालय के रूप में कार्य करेगा और विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के साथ निकट समन्वय में काम करेगा। यह निर्णय भूतपूर्व अग्निवीरों को सरकारी नौकरियों में अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत कोटा, केंद्र को नोटिस

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत कोटा लागू करने की मांग पर केंद्र को नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारत के संविधान की प्रस्तावना कहती है कि सभी नागरिक राजनीतिक और सामाजिक समानता के हकदार और उस यह हक मिलाना चाहिए हैं। इस देश में सबसे बड़ा अल्पसंख्यक कौन है? महिलाएं हैं। यह (आंकड़ा) करीब 48 प्रतिशत के करीब है। यह (अधिनियम) महिलाओं की राजनीतिक समानता के बारे में है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसतरह के नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप करने को लेकर अदालतों की सीमाएं होती है। सुप्रीम कोर्ट ने असम राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को अंतिम रूप देने की मांग वाली याचिकाओं पर एनआरसी समन्वयक को नोटिस दे दिया है। ये याचिकाएं जमीयत उलेमा-ए-हिंद और ऑल असम माइनॉरिटीज स्टूडेट्स यूनियन की ओर से दायर की गई थी, जिसमें केंद्र को अंतिम एनआरसी के बाद की लबित वैधानिक प्रक्रियाएं पूरी करने के निर्देश की मांग की गई है।

## अमृतपाल सिंह की नज़रबंदी को चुनौती देने वाली याचिका को सुनने से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने अमृतपाल सिंह की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत अपनी नज़रबंदी को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इंकार किया है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने याचिकाकर्ता को अपनी याचिका पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में प्रस्तुत करने को कहा। पीठ ने उच्च न्यायालय से छह सप्ताह के भीतर सिंह की याचिका पर निर्णय लेने को कहा, ताकि मामले का जल्द निपटारा हो सके। सिंह के वकील ने कहा कि उनके मुवक्कि करीब दो साल से नजरबंदी में हैं और नजरबंदी का आधार एक ऐसी प्राथमिकी पर आधारित है जिसमें आरोपपत्र दायर हो चुका है और मुकदमा शुरू हो गया है। उन्होंने कोर्ट में तर्क देते हुए सोनम वांगचुक के मामले का भी हवाला दिया। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि वांगचुक का मामला इसलिए अलग था क्योंकि उन्हें एक राज्य से दूसरे राज्य में निर्वासित किया गया था। बात दें कि अमृतपाल सिंह ने जेल में रहते हुए खडूर साहिब से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव जीता था। वह वर्तमान में एनएसए के तहत कथित अपराधों के लिए डिब्रूगढ़ जिले की जेल में बंद हैं। बात दें कि सुप्रीम कोर्ट ने अमृतपाल सिंह की याचिका को सीधे सुनने के बजाय, उन्हें पहले उच्च न्यायालय में जाने का निर्देश दिया है, साथ ही उच्च न्यायालय को मामले का जल्द निपटारा करने के लिए समय सीमा भी दी है।

## नोएडा सेक्टर-105 में महिला का सिर व कलाई कटे शव मिलने से हड़कंप

नई दिल्ली (एजेंसी)। नोएडा के सेक्टर-105 इलाके में 6 नवंबर को एक महिला का सिर और दोनों कलाई कटे शव नाले में पाया गया। शव नग्न था और आसपास के क्षेत्र में महिला की पहचान का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने शव के पैर में पाए गए बिछुए की फोटो के आधार पर जनता से महिला की पहचान के संबंध में जानकारी देने की अपील की है। पुलिस के अनुसार, ग्राम सोरखा निवासी ने थाना सेक्टर-39 को सूचना दी कि नाले में किसी महिला का शव तैर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पंचनामा किया। शुरुआती जांच में हत्या का मामला साफ दिखाई दिया। महिला की उम्र लगभग 35 वर्ष और कद करीब 5 फीट 1 इंच बताया जा रहा है। थाना सेक्टर-39 में हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच अधिकारियों को सौंपी गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और लापता महिलाओं की रिपोर्ट से मिलान किया जा रहा है। पुलिस ने आम जनता से अनुरोध किया है कि यदि किसी को महिला की पहचान के संबंध में जानकारी हो, तो तुरंत थाना सेक्टर-39 से संपर्क करें। पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

## साइबर आरोपियों ने बुजुर्ग से 16.82 लाख रुपये की ठगी की

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के ठाणे शहर में हुई एक धोखाधड़ी (ठगी) की घटना से संबंधित है। ठाणे के वर्तक नगर इलाके का एक 50 वर्षीय कारोबारी (बुजुर्ग)। आरोपियों ने नारियल के व्यापार में भारी मुनाफे का झांसा देकर और पार्टनरशिप का प्रस्ताव रखकर पीड़ित से निवेश करवाया। साइबर आरोपियों ने बुजुर्ग से 16.82 लाख रुपये की ठगी की है। साइबर ठगी का यह काम सितंबर से दिसंबर 2024 के बीच किया गया। पुलिस ने बताया कि इस पूरे मामले में चार आरोपी शामिल बताए जा रहे है। आरोपियों ने भरोसा जीतने के लिए शुरुआत में पीड़ित को 1.59 लाख की आंशिक रकम दी। जब पीड़ित ने बाकी पैसे और मुनाफे की मांग की, तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी और बाद में भुगतान से साफइंकार किया। पीड़ित ने वर्तक नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफभारतीय न्याय संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 406 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत मामला दर्ज किया है। तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर ली है और उनकी तलाश जारी है।

# आतंकी कनेक्शन यूपी से जुड़ा, सीएम योगी ने दिए सख्त आदेश



लखनऊ (एजेंसी)। लखनऊ, दिल्ली में हुए धमाके के बाद जांच एजेंसियों की नजर अब उत्तर प्रदेश पर भी टिक गई है। आतंकी नेटवर्क के तार लखनऊ और लखीमपुर तक जुड़ते दिखाई दे रहे हैं। अहमदाबाद से गिरफ्तार तीन संदिग्धों में एक लखीमपुर के निघासन इलाके का रहने वाला है, जबकि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लखनऊ की रहने वाली महिला डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों के बीच मिली कड़ियों ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है। जांच एजेंसियों का मानना है कि हाल के महीनों में उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों से आतंकी संगठनों ने अपनी जड़ें फैलाने की कोशिश की है। सीमावर्ती जिलों जैसे लखीमपुर, सिद्धार्थनगर और श्रावस्ती पर विशेष नजर रखी जा रही है। सूत्रों का कहना है कि इन इलाकों में कुछ कट्टरपंथी तत्व युवाओं को बरगलाकर ऑनलाइन माध्यम से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

एटीएस ने अहमदाबाद से आईएसकेपी मॉड्यूल से जुड़े तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया। इनमें से एक आरोपी मोहम्मद सोहेल, लखीमपुर खीरी जिले के निघासन तहसील के सिंगाही थाना क्षेत्र के झाला गांव का रहने वाला है। सोहेल के परिवार के मुताबिक, वह तीन साल पहले मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना कस्बे में जामिया दारुल उलूम अजीजिया नामक मदरसे में हाफिज की पढ़ाई करने गया था। सोहेल का परिवार गरीब है। पिता सलीम ट्रैक्टर मैकेनिक हैं। घर में मां रुखसाना, छोटे भाई वसीम और बड़े भाई की पत्नी रहती हैं। बड़ा भाई सुम्मी तमिलनाडु में कपड़ा फैक्ट्री में काम करता है। तीन साल पहले सोहेल के एक भाई की करंट लगने से मौत हो चुकी है।

दिल्ली धमाके के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण से घटना की जानकारी ली और पूरे प्रदेश को हाई अलर्ट पर रखने के आदेश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि किसी भी स्थिति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी जिलों में संवेदनशील इलाकों की निगरानी बढ़ाई जाए, और पुलिस अधिकारी खुद फील्ड में रहकर जांच और पेट्रोलिंग करें। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद डीजीपी ने सभी जिलों को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सभी वरिष्ठ अधिकारी फील्ड में रहकर बाजारों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण करने को कहा है ओर भीड़भाड़ वाले इलाकों में गश्त और चेकिंग बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

## तिरुपति में पांच साल तक बनते रहे मिलावटी घी के लड्डू, खर्च हुए थे 250 करोड़

**- एसआईटी ने किया खुलासा, लगभग 60 लाख किलो लड्डू सप्लाई किए गए**



चैन्नई (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एसआईटी ने तिरुपति तिरुमला देवस्थानम (टीटीडी) में मिलने वाले लड्डू प्रसाद में मिलावटी घी की आपूर्ति का खुलासा किया। जांच में पता चला कि 2019 से 2024 तक लगभग 60 लाख किलोग्राम लड्डू सप्लाई किए गए, जिनकी कीमत 250 करोड़ रुपये से अधिक थी। उत्तराखंड की भोले बाबा ऑर्गेनिक डेयरी ने कभी दूध या मक्खन खरीदे बिना पाम ऑइल और रासायनिक पदार्थ मिलाकर नकली घी तैयार किया। इसे भगवानपुर के पोमिल और विपिन जैन ने संचालित किया। 2022 में डेयरी ब्लैकलिस्ट होने के बावजूद दूसरी कंपनियों के माध्यम से सप्लाई जारी रही। जांच में यह भी सामने आया कि टीटीडी के तत्कालीन चेयरमैन वाईवी सुब्बा रेड्डी के पीए चिन्नाप्पन्ना को 50 लाख रुपये की रिश्वत दी गई थी। रिश्वत देने वाली कंपनी थी यूपी की एग्री फूड्स प्राइवेट लिमिटेड। घी सप्लाई में चार कंपनियां शामिल थीं। टेंडर हासिल करने के लिए कीमतों में हेरफेर और फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया। इस घोटाले ने धार्मिक प्रसाद की सुरक्षा और विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## दिल्ली में धमाका करने वालों को पकड़े जाने पर दी जाए फांसी: धीरेंद्र शास्त्री



नई दिल्ली (एजेंसी)। बागेश्वर धाम के आचार्य और कथा वाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोट की घटना पर प्रतिक्रिया दी। हरियाणा के पलवल में पदयात्रा के दौरान उन्होंने कहा कि जब भी धमाके हुए, उसे कहीं ना कहीं एक कट्टरपंथी मजहबी विचारधारा के लोगों ने किया। हमेशा भारत को, भारत माता को, सनातन को टारगेट किया। उन्होंने कहा कि कल जो हुआ वह घोर निंदनीय और अमानवीय है। भगवान से प्रार्थना है कि जिनका शरीर पूरा हुआ उन्हें वे अपने चरणों में स्थान दें। हम उन्हें शोक संवेदना व्यक्त करते हैं।

धीरेंद्र शास्त्री ने अपील की कि कट्टर मजहबी पंथ की विचारधारा की सोच पर लगाम लगाने के लिए अब सनातनियों को एक होना पड़ेगा। तुम कितना भी भारतीयों को डरा दो, सनातनियों को डरा दो। ना हम डरेंगे और ना हम झुकेंगे। उन्होंने कहा कि इस देश में जब तक भारतीयों की एकता नहीं हो जाती है तब तक हम पदयात्रा करते रहेंगे। शास्त्री ने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि पकड़े जाने वालों को फांसी दी जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा सुचारू रूप से चल रही है और निर्बाध रूप से जारी रहेगी। हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार इस पर बारीकी से नजर रख रही हैं। हम सभी भक्तों से अपील करते हैं कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।

बता दें दिल्ली में सोमवार शाम को लाल किले के पास जोरदार धमाका हुआ। ह्यूंडई आई20 कार ट्रैफिक सिग्नल पर रुकते ही उसमें धमाका हो गया, जिससे 13 लोगों की मौत हो गई और 20 से ज्यादा घायल हैं। धमाके इतना जबरदस्त था कि आसपास की तीन-चार गाड़ियां और ऑटो रिक्शा आग की लपटों में घिर गए। खिड़कियां टूट गईं और धुंआ चारों ओर फैल गया। घटनास्थल लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास की है, जहां पर्यटक और स्थानीय लोग शाम के समय व्यस्त रहते हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि दूर तक महसूस हुई और लोग भागते हुए गिर पड़े। दिल्ली पुलिस ने तुरंत इलाके को घेर लिया, जबकि फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई। इस घटना ने सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट कर दिया है। दिल्ली पुलिस ने मामला यूएपीए और विस्फोटक अधिनियम के तहत दर्ज किया है। एनआईए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी और स्पेशल सेल की टीमें जांच में जुड़ गई हैं।

# दिल्ली धमाके पर बोले प्रशांत किशोर- चुनाव के समय ऐसी घटनाएं होती रहती हैं



पटना (एजेंसी)। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने मंगलवार सुबह ज़ोर देकर कहा कि बिहार में मतदान राज्य के मुद्दों पर केंद्रित होना चाहिए। उन्होंने दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद राज्य में बढ़ाए गए सुरक्षा उपायों को कम करके आंका। उन्होंने कहा, चुनावों के दौरान ऐसी घटनाएं कभी-कभार होती हैं। बिहार के लोगों को इससे घबराने की जरूरत नहीं है। यह बिहार का चुनाव है। मतदान बिहार के मुद्दों पर आधारित होना चाहिए। सुरक्षा के लिए, बिहार और देश की जनता ने संसद और सरकार को चुना है। सरकार जो भी जरूरी कदम उठाएगी, वह उठाएगी। उन्होंने मतदाताओं से आज पहले चरण के रिकॉर्ड को तोड़ने और बिहार में शिक्षा और रोज़गार प्रदान करने वाली एक नई व्यवस्था बनाने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि उसी व्यवस्था के लिए वोट देकर गलती करने का मतलब होगा पांच साल उस भ्रष्टाचार के साथ बिताना जो आपको परेशान करता है। इस विस्फोट में 8 लोग मारे गए थे। प्रशांत किशोर ने जोर देकर कहा कि सुरक्षा का जिम्मा चुनी हुई सरकार संभाल रही है और आश्वासन दिया कि सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। बिहार में विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए मतदान जारी है। अगले पांच साल उसी व्यवस्था के साथ बिताएंगे जो आपको परेशान करती है, उसी भ्रष्टाचार के साथ जो आपको परेशान करता है। मैं आज वोट देने जा रहा हूं। दिल्ली विस्फोट के मद्देनजर, आज सुबह शुरू हुए विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए बिहार के विभिन्न जिलों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। भागलपुर विधानसभा क्षेत्र के एक मतदान केंद्र पर तैनात सुरक्षाकर्मी, जहां कांग्रेस के अजीत शर्मा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रोहित पांडे के बीच सीधा मुकाबला होगा। प्रशांत किशोर ने कहा, मैं बिहार के लोगों से आज पिछले चरण के रिकॉर्ड मतदान को तोड़ने की अपील करता हूं। बिहार में बदलाव के लिए वोट करें। अपने बच्चों की शिक्षा और रोजगार के लिए वोट करें। पहले चरण से भी ज़्यादा संख्या में वोट करें ताकि 14 नवंबर को बिहार में एक नई व्यवस्था बने। एक ऐसी व्यवस्था जो आपके बच्चों को शिक्षा और रोजगार दे।

## दिल्ली विस्फोट के बाद हाई अलर्ट पर मुंबई, पुलिस ने महत्वपूर्ण स्थानों पर गहन जाँच की

मुंबई (एजेंसी)। सोमवार शाम नई दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट के बाद मुंबई में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। मुंबई पुलिस ने तुरंत अपने सभी सिस्टम को तैयार कर लिया है और महत्वपूर्ण स्थानों पर गहन जाँच शुरू कर दी है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को हमेशा से ही आतंकवादी हमलों का निशाना माना जाता रहा है। इसलिए, दिल्ली विस्फोट के बाद मुंबई में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई है। आपको बता दें कि सोमवार शाम करीब 6.45 बजे लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास खड़ी एक कार में जोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट इतना तीव्र था कि आसपास का इलाका दहल गया और तीन अन्य वाहनों में आग लग गई। दिल्ली विस्फोट की सूचना मिलते ही मुंबई में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, चर्चगेट, दादर, बांद्रा टर्मिनस जैसे प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर बम निरोधक टीमों के साथ दंगा नियंत्रण दल तैनात किए गए हैं। यहाँ यात्रियों के बैग और वाहनों की गहन जाँच की जा रही है। सीएसएमटी इलाका अब पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। शहर के धार्मिक स्थलों, बाज़ारों, होटलों, मॉल और अन्य भीड़-भाड़ वाली जगहों पर पुलिस की पैनी नज़र है। मुंबई पुलिस की विशेष शाखा ने अलग-अलग इलाकों में गश्त बढ़ा दी है और लगातार गश्त कर रही है। भीड़-भाड़ वाली जगहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही, संवेदनशील इलाकों में क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) को तैयार रखा गया है। मुंबई पुलिस ने नागरिकों से विशेष अपील की है कि अगर उन्हें ट्रेन, बस स्टैंड, बाज़ार या किसी भी सार्वजनिक स्थान पर कोई भी संदिग्ध वस्तु, बैग या व्यक्ति दिखाई दे, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उनसे पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 100 या स्थानीय पुलिस स्टेशन पर संपर्क करने की अपील की गई है। पुलिस ने कहा, आपकी सतर्कता ही हमारी ताकत है।

## निठारी कांड के मुख्य आरोपी सुरेंद्र कोली को मिली बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने आखिरी मामलें में भी किया बरी



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश को झकझोर देने वाले निठारी हत्याकांड के मुख्य आरोपी सुरेंद्र कोली को आखिरकार सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने कोली से जुड़े अंतिम बचे मामले में भी उसकी सजा रद्द कर दी। अदालत ने कहा कि जब बाकी सभी मामलों में उसे बरी किया जा चुका है, तो समान साक्ष्यों के आधार पर इस एक मामले में सजा बरकरार रखना न्यायसंगत नहीं होगा। कोर्ट के इस फैसले के बाद कोली अब जेल से बाहर आ सकेगा, बशर्ते किसी अन्य मामले में वह वांछित न हो।

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने कोली की क्युरेटिव याचिका स्वीकार करते हुए उसे सभी आरोपों से बरी कर दिया। अदालत ने 15 फरवरी 2011 के उस आदेश को भी निरस्त कर दिया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कोली की सजा बरकरार रखी थी। साथ ही, 28 अक्टूबर 2014 का वह निर्णय भी रद्द कर दिया गया, जिसमें उसकी पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी गई थी।

पीठ ने कहा कि यदि अन्य मामलों में समान साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को निर्दोष पाया गया है, तो इस एक मामले में सजा देना न्याय की दृष्टि से असंगत होगा। जस्टिस विक्रम नाथ ने आदेश सुनाते हुए कहा, कोली को सभी आरोपों से मुक्त किया जाता है। यदि वह किसी अन्य मुकदमे में वांछित नहीं है, तो उसे तुरंत रिहा किया जाए। सुरेंद्र कोली ने अपनी क्युरेटिव याचिका में यह तर्क दिया था कि जिन सबूतों के आधार पर उसे इस मामले में दोषी ठहराया गया था, वही सबूत अन्य मामलों में अविश्वसनीय माने गए थे और उन पर उसे पहले ही बरी किया जा चुका है।

गौरतलब है कि निठारी कांड में नोएडा के निठारी गांव से कई बच्चों और महिलाओं के लापता होने, हत्या और उनके अवशेष बरामद होने के बाद पूरे देश में सनसनी फैल गई थी। इस मामले में कोली और उसके मालिक मोनिंदर सिंह पंधेर पर कई मामलों में मुकदमे चले थे। सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई 2025 में ही इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले को बरकरार रखा था, जिसमें दोनों आरोपियों को 14 मामलों में बरी कर दिया गया था। अब अंतिम मामला भी समाप्त होने के साथ ही सुरेंद्र कोली की कानूनी लड़ाई खत्म हो गई है।

## मित्र शक्ति-2025: भारत-श्रीलंका संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू

जयपुर (एजेंसी)। बेलगावी,(ईएमएस)। भारत और श्रीलंका के बीच 11वां संयुक्त सैन्य अभ्यास ÷मित्र शक्ति-2025÷ आज कर्नाटक के बेलगावी स्थित फॉरेन ट्रेनिंग नोड में शुरू हो गया। 10 से 23 नवंबर तक चलने वाले इस अभ्यास में भारत से राजपूत रेजिमेंट के 170 सैनिक और श्रीलंका से गजाबा रेजिमेंट के 135 जवान हिस्सा ले रहे हैं। दोनों वायुसेनाओं से 30 अधिकारी-कर्मी जुड़े हैं। अभ्यास का मुख्य उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र अध्याय 7 के तहत सब-कन्वेंशनल ऑपरेशंस, खासकर आतंकवाद-रोधी कार्रवाइयों में समन्वय बढ़ाना है। सैनिक छापेमारी, सर्च एंड डेस्ट्रॉय मिशन, हेलिबोर्न ऑपरेशन का अभ्यास करेंगे। आर्मी मार्शल आर्ट्स, कॉम्बैट रिफ्लेक्स शूटिंग और योग भी शामिल हैं।

श्रीलंका की गजाबा रेजिमेंट अनुराधापुरा के निकट सालियापुरा में स्थित है। 1980 में 100 एकड़ पर शुरू हुई यह इकाई राजराटा राइफल्स और विजयबाहु इन्फेंट्री की पहली बटालियनों के विलय से 1982 में बनी। शुरू में 30 सैनिकों से आरंभ होकर यह श्रीलंका की सबसे बहादुर रेजिमेंट बनी, जिसने देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत की राजपूत रेजिमेंट 1778 में स्थापित सबसे पुरानी पैदल सेना इकाई है। ÷वीर भोग्या वसुंधरा÷ इसका आदर्श वाक्य है। 1947, 1965, 1971 के युद्धों और कारगिल संघर्ष में इसने अद्वितीय शौर्य दिखाया। कठोर अनुशासन, प्रशिक्षण और राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत राजपूत सैनिक रेगिस्तान से हिमालय तक हर चुनौती के लिए तैयार रहते हैं। इस बार अभ्यास में ड्रोन, काउंटर-यूएएस सिस्टम का संचालन, हेलिपैड सुरक्षा, घायल निकासी और आपात समन्वय पर जोर है। आधुनिक तकनीकें दोनों सेनाओं की क्षमता बढ़ाएंगी। मित्र शक्ति से सैन्य सामंजस्य, रणनीति साझेदारी और अनुभव आदान-प्रदान मजबूत होगा। आतंकवाद- रोधी दक्षता बढ़ेगी, आत्मविश्वास मजबूत होगा। यह अभ्यास भारत-श्रीलंका रक्षा सहयोग को नई ऊंचाई देगा, पड़ोसी देशों के बीच विश्वास और मित्रता को सुदृढ़ करेगा।

# ट्रंप ने दिया टैरिफ कम करने का संकेत... इधर भारत यात्रा को तैयार हो रहे पुतिन




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद पहली बार कहा है कि वे टैरिफ को कम करने वाले हैं, क्योंकि भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील करीब-करीब पक्की होने वाली है। उन्होंने ये गुड न्यूज भारत में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर के शपथ समारोह में कही। इस दौरान वे भारत के साथ अमेरिका के रिश्ते सुधारने पर भी जोर देते दिखाई दिए, लेकिन उन्होंने एक बार फिर रूसी तेल का मुद्दा छेड़ दिया।

इस बीच रूस की ओर से पुष्टि की गई है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत की यात्रा पर आने वाले हैं। क्रेमलिन की ओर से बताया गया हैं कि पुतिन की भारत यात्रा की तैयारियां तेजी से चल रही हैं और साल 2025 के अंत से पहले ही इसके होने की उम्मीद है। पुतिन की यात्रा से ये बात साफ हो जाएगी कि ट्रंप के रूसी तेल खरीद वाले दावों में कितना दम है, क्योंकि न भारत और न ही रूस ने इसपर कोई बयान दिया है।

क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि हम पुतिन की भारत यात्रा की सक्रिय तैयारी कर रहे हैं, जो इस साल के अंत से पहले होने की योजना में है। रिपोर्टों के मुताबिक इस शिखर बैठक के दौरान भारत और रूस के बीच एक लेबर मोबिलिटी एग्रीमेंट पर दस्तखत हो सकते हैं। समझौते के तहत आने वाले वर्षों में भारतीय नागरिकों को रूस में आधिकारिक तौर पर रोजगार मिलने की संभावना और बढ़ेगी। हालांकि पेस्कोव ने कहा कि समझौतों से जुड़ी आधिकारिक घोषणाएं समय आने पर होगी।

यह यात्रा खास इसलिए भी होगी क्योंकि पुतिन की यह 2021 के बाद पहली भारत यात्रा होगी। इससे पहले दोनों नेता इस साल 1 सितंबर को चीन के तिआनजिन शहर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान मिले थे। भारत और रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी समझौता 3 अक्टूबर 2000 को हुआ था, जो आज भी दोनों देशों के रिश्तों की मजबूत नींव है। इसी बीच अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भी भारत को लेकर अहम बयान दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार वार्ताएं अच्छे स्तर पर हैं और यह भी दावा किया कि भारत ने रूसी तेल की खरीद में भारी कमी की है।

ट्रंप ने भारत के नए अमेरिकी राजदूत गोर के शपथ ग्रहण समारोह में कहा कि हम भारत के साथ एक नया और बेहतर समझौता करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सबके लिए फायदेमंद सौदे के करीब हैं। इस दौरान ट्रंप पीएम मोदी की तारीफ कर कहा कि वे पीएम मोदी के साथ नियमित संपर्क में हैं और दोनों देशों के रिश्ते पहले से कहीं बेहतर हो रहे हैं।

# हिन्दुस्तान जिंक ने पिछले 5 वर्षों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से 10 लाख से अधिक युवाओं को बनाया सशक्त

## शिक्षा संबल कार्यक्रम के माध्यम से 140 स्कूलों में 35 हजार से अधिक छात्र लाभान्वित

## ऊँची उड़ान के तहत आईआईटी और सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों सहित प्रतिष्ठित संस्थानों में 150 छात्रों का चयन

स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** भारत की एकमात्र और दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी, हिन्दुस्तान ज़िंक ने समग्र शिक्षा, कौशल विकास और समावेशी शिक्षण के अवसरों के माध्यम से अगली पीढ़ी को पोषित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। कंपनी के प्रमुख सामुदायिक कार्यक्रम-नंद घर, शिक्षा संबल, ऊँची उड़ान, और जीवन तरंग-गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच में सुधार, शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और दिव्यांग बच्चों को सशक्त बना रहे हैं। इन पहलों ने पिछले पाँच वर्षों में कंपनी के परिचालन क्षेत्रों में 10 लाख से अधिक बच्चों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। शिक्षा लंबे समय से हिन्दुस्तान ज़िंक के सामाजिक प्रभाव दर्शन का आधार रही है। अपनी शिक्षा संबल पहल के माध्यम से, कंपनी 140 स्कूलों के 35,000 से अधिक छात्रों को विज्ञान, गणित और अंग्रेजी में आधारभूत शिक्षा को मजबूत करते हुए सहायता प्रदान करती है। 30,900 से अधिक कक्षाओं का संचालन किया गया है ताकि समझ और प्रदर्शन के स्तर को बेहतर बनाया जा सके, जिससे कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाओं में कुल 95 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। 66 में से 23 स्कूलों का परिणाम 100 प्रतिशत रहा कंपनी ने वैज्ञानिक जिज्ञासा को जगाने के लिए उदयपुर और पंतनगर में चार एसटीईएम प्रयोगशालाएँ भी स्थापित की हैं, 26 मॉडल स्कूल विकसित किए हैं और बेहतर शिक्षण वातावरण बनाने के लिए 10 स्कूलों का नवीनीकरण किया है। हिन्दुस्तान ज़िंक के सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक अरुण मिश्रा ने कहा कि, हर बच्चे को बिना किसी सीमा के सीखने, बढ़ने और सपने देखने का मौका मिलना चाहिए। हिन्दुस्तान ज़िंक में, हमारी शिक्षा पहल केवल कक्षाओं तक सीमित नहीं हैं, उनका लक्ष्य आत्मविश्वास, जिज्ञासा और योग्यता का निर्माण करना है। एजुकेशन डे के अवसर पर और बाल दिवस के अवसर पर, मैं इस मौके पर आप सभी से आग्रह करता हूँ कि युवा मस्तिष्कों को सशक्त करें, जो ज्ञान, कौशल और समावेशन के साथ भारत के



भविष्य को आकार देंगे।' स्कूली शिक्षा के साथ ही हिन्दुस्तान ज़िंक का ऊँची उड़ान कार्यक्रम ग्रामीण और आदिवासी समुदायों के प्रतिभाशाली छात्रों के लिए भारत के प्रमुख संस्थानों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के मार्ग प्रशस्त कर रहा है। अब तक, 150 छात्रों ने आईआईटी सहित प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग और सरकारी कॉलेजों में प्रवेश प्राप्त किया है, और सभी प्रतिभागी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। उल्लेखनीय रूप से, 32 छात्रों को शीर्ष-स्तरीय संगठनों में नियुक्ति मिली है, जिनका औसत वार्षिक पैकेज 10 लाख है, और उच्चतम पैकेज 21 लाख रूपयों तक पहुँच गया है, जो इस कार्यक्रम के मार्गदर्शन और उत्कृष्टता पर केंद्रित होने का प्रमाण है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए, 2017 में शुरू की गई हिन्दुस्तान ज़िंक की जीवन तरंग पहल, समावेशिता और सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से, 2,600 से अधिक दिव्यांग बच्चे लाभान्वित हुए हैं, जिनमें भारतीय सांकेतिक भाषा जागरूकता सत्र, मानसिक स्वास्थ्य और स्वच्छता कार्यशालाएँ, और स्वतंत्रता एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किए गए पूर्व-व्यावसायिक प्रशिक्षण शामिल हैं। अजमेर, भीलवाड़ा और उदयपुर में कंपनी के समावेशी कार्यक्रम यह सुनिश्चित करते हैं कि सभी क्षमताओं वाले बच्चों को शिक्षा और अवसर तक समान पहुँच प्राप्त हो। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की एक प्रमुख पहल, नंद घर आधुनिक आंगनवाड़ी हैं, जिन्हें आईसीडीएस के साथ साझेदारी में विकसित किया गया है, और ये चार मुख्य स्तंभों - पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और महिला सशक्तिकरण पर आधारित हैं। प्रत्येक केंद्र डिजिटल शिक्षण उपकरण, सौर ऊर्जा, सुरक्षित पेयजल और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े होने के साथ-साथ महिलाओं के लिए कौशल विकास के अवसर भी प्रदान करता है। हिन्दुस्तान ज़िंक के परिचालन क्षेत्रों में, लगभग 2000 नंद घर प्रारंभिक बाल विकास, स्वस्थ माताओं और सशक्त ग्रामीण महिलाओं को बढ़ावा दे रहे हैं, जिसका लगभग 3.7 लाख महिलाओं और बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। युवा विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ, खेल भी हैं, जो शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क, अनुशासन और आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं। खेलों के माध्यम से समग्र विकास को बढ़ावा देने के अपने दृष्टिकोण के अनुरूप, हिन्दुस्तान ज़िंक ने राजस्थान के जावर में जिंक फुटबॉल अकादमी की स्थापना की - जो अपनी तरह की पहली आवासीय अकादमी है। यह पहल बुनियादी स्तर से फुटबॉल प्रतिभाओं को तराशने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। अब तक, अकादमी ने 3250 से अधिक युवा एथलीट को प्रशिक्षित किया है, जिनमें से कई अपने जिले, राज्य और देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं, और राजस्थान की बढ़ती खेल उत्कृष्टता में योगदान दे रहे हैं। शिक्षा और युवा विकास पर हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयास, सामुदायिक परिवर्तन के प्रति इसकी व्यापक प्रतिबद्धता का हिस्सा है। प्रारंभिक शिक्षा, उच्च शिक्षा और समावेशन से संबंधित पहलों को एकीकृत कर कंपनी सार्थक परिवर्तन लाने का प्रयास कर रही है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि प्रत्येक बच्चे के पास, अपनी पूर्ण क्षमता प्राप्त करने के लिए साधन उपलब्ध हों।

# अवैध खनन गतिविधियों में संलिप्तता के चलते बागोर प्रशासक जाट निलंबित

स्मार्ट हलचल



**मांडल।** अवैध खनन में शामिल पाए जाने पर बागोर प्रशासक कालूराम जाट को पद मुक्त कर दिया है । भीलवाड़ा जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की जांच रिपोर्ट में यह सामने आया कि जाट पद पर रहते हुए अन्य ग्राम पंचायत क्षेत्र की चारागाह भूमि पर अवैध खनन गतिविधियों में शामिल थे।

जांच में यह भी प्रमाणित हुआ कि अवैध खनन के कारण जनहानि की घटना हुई थी। इस संबंध में पुलिस थाना बागोर प्रकरण संख्या 76/72025 दर्ज किया गया है। यह

मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 125, 289, 105 और 3(5) के तहत पंजीकृत किया गया है। रिपोर्ट में कालूराम जाट का आचरण लोकसेवक की गरिमा के विपरीत और नैतिक-प्रशासनिक मर्यादा का उल्लंघन माना गया है। राज्य सरकार ने इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कालूराम जाट को ग्राम पंचायत बागोर के प्रशासक पद से पदमुक्त करने का निर्णय लिया। जिला परिषद की जांच रिपोर्ट और राज्य सरकार के निर्णय के बाद, यह आदेश विभागीय आदेश क्रमांक 13524345 दिनांक 11 फरवरी 2025 की पालना में जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि कालूराम जाट को जिला कलेक्टर भीलवाड़ा के आदेश क्रमांक 1265 दिनांक 6 अक्टूबर 2025 के तहत ग्राम पंचायत बागोर का प्रशासक नियुक्त किया गया था। अब सक्षम स्तर से अनुमोदन मिलने के बाद उन्हे पदमुक्त कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, प्रशासन अब इस मामले में आगे की विभागीय कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

# बजरी से भरी ट्रेक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलटी, चालक ने कूद कर बचाई अपनी जान



स्मार्ट हलचल| आसींद

बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई । जानकारी के अनुसार एक ट्रेक्टर ट्रॉली सुलवाड़ा गांव से बजरी भरकर जा रही थी तभी सुलवाड़ा चौराहे के निकट बराना गांव जाने वाले रास्ते पर मोड़ के पास तेज रफ्तार होने के कारण ट्रेक्टर ट्राली अनियंत्रित हो गई और पलट गई जैसे तैसे चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई और बड़ा हादसा होते-होते रह गया । ग्रामीणों ने बताया कि बजरी के भरे हुए ट्रैक्टर की टोलियां तेज रफ्तार से अंधाधुंध चलते हैं जिससे कई हादसे घटित हो रहे हैं।

# शास्त्रीनगर में पैदल घर जा रही महिला की दिन दहाड़े लूटी सोने की चेन

## बाईक सवार तीन बदमाशो ने दिया वारदात को अंजाम, केस हुआ दर्ज

स्मार्ट हलचल| पुनित चपलोत



**भीलवाड़ा।** शहर की पॉश कॉलोनी कहे जाने वाली शास्त्री नगर में दिनदहाड़े चेन स्नेचिंग की वारदात हुई । मोटरसाइकिल सवार 3 बदमाशों ने सड़क पर चल रहीं महिला पर झपट्टा मार कर सोने की चेन लूट ली। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरी वारदात की जानकारी ली। इस मामले में सीसीटीवी फोटो भी सामने आया है जिसमें तीन बदमाश मोटरसाइकिल पर दिखाई दे रहे हैं। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फोटो के आधार पर बदमाशों की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पीड़िता चेना चौधरी ने कहा कि बुधवार दोपहर को सूर्यामहल में हमारे महारासा के खाना था खाना खाने के बाद वह सूर्य महल से अपने घर पर पैदल जा रही थी इस दौरान पीछे से मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन लोग आए और उन्होंने मेरे गले पर झपट्टा मार कर मेरी सोने की चेन लूट ली। मेरी चैन करीब 15 ग्राम की थी जो लेकर फरार हो गए इसको लेकर मेने कोतवाली थाने में मामला दर्ज करवाया है। वही पुलिस ने महिला के साथ हुई चेन लूट की घटना पर मुकदमा दर्ज कर बदमाशो की तलाश शुरू कर दी है।

# नाबालिग को अगवा कर दुष्कर्म करने के आरोपी को 20 साल कठोर कारावास और 59 हजार जुर्माने की सजा

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

किराए का कमरा लेकर किया दुष्कर्म, दोषी को भीलवाड़ा । पोक्सो कोर्ट संख्या एक ने करीब डेढ़ साल पुराने नाबालिग के अपहरण और उसके साथ बलात्कार करने के मामले के फैसला सुनाते हुए दोषी को 20 साल कठोर कारावास और 59 हजार रु जुर्माने की सजा सुनाई । विशिष्ट न्यायाधीश बालकृष्ण मिश्र ने फैसला सुनाया उक्त मामले की पैरवी विशिष्ट लोक अभियोजक धर्मेंद्र सिंह कानावत ने की । सुनवाई के दौरान 29 गवाह और 14



दस्तेवज पेश किए । मामला फुलियां कलां थाना क्षेत्र का है । 31 जुलाई 2024 को प्रार्थी ने मामला दर्ज करवाया और बताया की आरोपित योगेश उर्फ नारायण दमामी निवासी जोगरास थाना रायपुर जो उनका परिचित था वह उनके घर घोड़ी को ट्रेंड करने आता था । 30 जुलाई की रात को आरोपित प्रार्थी की नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया । जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की ओर नाबालिग को दस्तयाब कर लिया । पीड़िता ने अपने बयान में बताया की आरोपित घोड़ी ट्रेंड करने के दौरान 15-20 दिन उनके ही घर पर रुका था नारायण ने इंस्टग्राम के जरिए नाबालिग से दोस्ती कर ली और शादी का झांसा देता रहा । 30 तारीख की रात को वह उसे बहला फुसलाकर कर अपने साथ गोगुंदा ले गया जहां किराए का कमरा लिया और 17,18 दिन तक पीड़िता को अपने साथ ही रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया । पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करवाया और परिजनो को सौप दिया और आरोपित को गिरफ्तार कर अपहरण, दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट के आरोप में चार्जशीट दाखिल की । आरोप सिद्ध करने के लिए एसपीपी धर्मवीर सिंह कनावात ने 29 दस्तावेज और 14 गवाह पेश किया । आरोप सिद्ध होने पर पोक्सो कोर्ट संख्या एक के न्यायधीश बालकृष्ण मिश्र ने फैसला सुनाया और दोषी को 20 साल कठोर कारावास और 59 हजार रु जुर्माने से दंडित किया।

# काछोला क्षेत्र में रातों-रात बजरी माफियाओं का बड़ा खेल

## निर्माणाधीन सड़क मार्ग में काम में लेने के लिए किया सैकड़ों टन अवैध बजरी का स्टॉक



स्मार्ट हलचल| काछोला

काछोला क्षेत्र में बजरी माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि थलकला व रूपपूरा के नजदीक रातों-रात सैकड़ों टन बजरी का अवैध भंडारण कर दिया गया । सूत्रों के अनुसार बनास नदी से भारी मशीनों की मदद से रातभर अवैध खनन कर बजरी निकालकर इसे मौके पर जमा किया जा रहा हे । जानकारी सामने आई है कि निर्माणाधीन थल-भोरण सड़क मार्ग में उपयोग करने के लिए यह बजरी स्टॉक किया गया है ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण कंपनी द्वारा बिना किसी अनुमति के बड़े स्तर पर बजरी भंडारण किया जा रहा है, जबकि फिलहाल काछोला क्षेत्र में न तो खनन की कोई लीज चल रही है और न ही परिवहन की आधिकारिक अनुमति जारी हुई है । ग्रामीणों ने इस कार्रवाई को बजरी माफियाओं और निर्माण कंपनी के गठजोड़ का परिणाम बताते हुए खनन विभाग व काछोला पुलिस से तत्काल मौके पर पहुंचकर अवैध बजरी स्टॉक को जब्त करने की मांग की है । ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो इस तरह का अवैध खनन पर्यावरण और राजस्व दोनों को नुकसान पहुंचाता रहेगा,इसलिए पुलिस ,खनिज विभाग व स्थानीय प्रशासन अवैध भंडारण को कब्जे में लेकर कारवाई करे।

# प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना : 14 एवं 15 को निम्बाहेड़ा एवं चित्तौड़गढ़ औद्योगिक क्षेत्रों में भविष्य निधि विभाग के शिविर एवं सेमीनार

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा/ चित्तौड़गढ़

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा ''प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार'' योजना के तहत संस्थानों के पंजीयन हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा आगामी 14 एवं 15 नवम्बर को चित्तौड़गढ़ एवं निम्बाहेड़ा की औधोगिक ईकाईयों में शिविर लगाकर विभाग की टीमों द्वारा संस्थानों में पंजीयन करवाया जायेगा।

क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त एवं प्रभारी प्रशान्त कुमार सिन्हा ने बताया कि विकसित भारत के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों के तहत प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत पंजीकरण करने वाली संस्थानों को प्रत्येक रोजगार सृजन पर प्रतिमाह 1000 से लेकर 3000 तक की राशि मानदेय के रूप में प्राप्त होगी वहीं प्रथम बार रोजगार प्राप्त करने वाले कार्मिकों को 15000 तक वार्षिक मानदेय दो किश्तों में प्राप्त होगा।

उन्होनें बताया कि मंत्रालय के दिशा निर्देशानुसार चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्र की संस्थानों को पीएमवीबीआरवाई योजना के तहत पंजीयन किया जाना अपेक्षित है। इस हेतु विभाग द्वारा निम्बाहेड़ा ब्लॉक में तीन टीमें क्रमशः वंडर सीमेंट वर्क्स, जे.के. सीमेंट वर्क्स एवं नोवेको सीमेंट वर्क्स के परिसर में संस्थानों के पंजीयन का कार्य करेंगी। वहीं चित्तौड़गढ़ के चंदेरिया क्षेत्र में हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड, बिरला सीमेट वर्क्स एवं मोनोमार्क इंजिनियरिंग में 14 एवं 15 नवम्बर को कार्यरतर हेंगी। श्री सिन्हा ने सभी भविष्य निधि आवृत संस्थानों से अपील की है कि वे अपनी अपनी संस्थान का पीएमवीबीआरवाई में पंजीयन करवाना सुनिश्चित करें ताकि ज्यादा से नये कर्मचारियों को रोजगार से जोड़ा जाकर उन्हें इस योजना का लाभ दिलाया जाये तथा संस्थानों को प्रत्येक रोजगार सृजन पर उनका मासिक मानदेय लाभ संस्थान के खाते में सीधे प्राप्त हो सके।

# अक्षय शर्मा ने आयरन मलेशिया 2025 किया पूरा, दृढ़ संकल्प और अनुशासन से रचा इतिहास

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



भीलवाड़ा के अक्षय शर्मा ने मलेशिया के लंगकावी में आयोजित आयरन मलेशिया 2025 प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक पूरा कर एक नई मिसाल कायम की है। यह विश्व की सबसे कठिन ट्रायथलॉन रेस में से एक है, जिसमें प्रतिभागियों को 3.8 किमी तैराकी, 180 किमी साइक्लिंग और 42.2 किमी मैराथन दौड़ पूरी करनी होती है। अक्षय शर्मा ने अपने व्यस्त कार्य जीवन के बावजूद लगातार प्रशिक्षण जारी रखा और कठिन मौसम परिस्थितियों के बीच भी धैर्य और समर्पण का परिचय दिया। उनकी इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि यदि इंसान में जुनून, अनुशासन और निरंतर प्रयास हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के दौरान कई चुनौतियाँ आईं, लेकिन परिवार और दोस्तों के सहयोग तथा अपनी सकारात्मक सोच ने उन्हें हर कठिनाई से उबरने की ताकत दी। अक्षय शर्मा की यह सफलता न केवल भीलवाड़ा बल्कि पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि 'व्यस्त जीवन में भी यदि व्यक्ति सच्ची मेहनत और लगन से प्रयास करे, तो आयरन मेन जैसा मुकाम भी हासिल किया जा सकता है।

# भीलवाड़ा में लोहा व्यापारियों के ठिकानों पर आयकर विभाग की रेड, कई ठिकानों पर दबिश से व्यापार जगत में हड़कंप

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा में एक बार फिर डीजीजीआई की एंट्री हुई है । डीजीजीआई और टेक्स विभाग ने दो बड़े लोहा कारोबारियों के करीब आधा दर्जन ठिकानों पर दबिश देकर रेड मारी और कई दस्तावेज, कंप्यूटर हार्डडिस्क और ट्रांजेक्शन फाइलें जब्त किए है ऑपरेशन के दौरान करोड़ों का हिसाब किताब मिला है । विभागीय टीम द्वारा खबर लिखे जाने तक कार्यवाही जारी थी इस दौरान सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए । बुधवार सुबह टीम ने कार्यवाही शुरू की जो देर शाम तक चलती रही । वही इस कार्यवाही से व्यापार जगत में हड़कंप मच गया । जीएसटी चोरी की सूचना पर इनकम टेक्स डिपार्टमेंट में शहर के दो लोहा कारोबारी नंदलाल नरानीवाल और शंकर जाट के घर, गोदाम और कार्यालय में रेड मारी । टीम ने शंकर जाट के घर जाटों का खेड़ा, गांधीनगर स्थित ऑफिस रत्नागर , किसान वाटिका और एक अन्य फेक्ट्री में दबिश देकर दस्तावेज खंगाले और अन्य छानबीन की वही नरानीवाल के जम्बेश्वर नगर स्थित आवास और फेक्ट्री गोदाम में छापा मारा । खबर लिखे जाने तक टीम द्वारा कार्यवाही जारी थी । ज्ञात हो की पूर्व में भी डीजीजीआई और इनकम टैक्स विभाग ने रत्नागर ग्रुप पर छापा मारा था और करोड़ो की टैक्स चोरी का खुलासा किया था।

# निर्वाचकों से गणना प्रपत्र भरवाकर उनका संकलन किया जाने को लेकर बैठक आयोजित

स्मार्ट हलचल| गंगापुर

जिला निर्वाचन अधिकारी, भीलवाड़ा के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 179-सहाड़ा में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 04 नवम्बर, 2025 से 04 दिसम्बर, 2025 तक की अवधि को परिगणना अवधि के रूप में निर्धारित किया गया है। जिसके दौरान बी.एल.ओ. द्वारा संबंधित निर्वाचकों से गणना प्रपत्र भरवाकर उनका संकलन किया जा रहा है। जिसके सफल क्रियान्वन हेतु निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी गंगापुर की अध्यक्षता में दिनांक 12 नवंबर को बैठक आयोजित की गई। जिसमें विधानसभा 179 सहाडा के ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी, रायपुर, सहाड़ा, सुवाणा व अधिकारी उपस्थत रहे।

बीएलओ द्वारा प्रतिदिन संकलित किये जा रहे गणना प्रपत्र को संबंधित पंचायत मुख्यालय पर ऑनलाईन इन्द्राज किया जाना है। इस कार्य हेतु संबंधित पंचायत मुख्यालय पर डेस्क के निर्देशन में टीम 02 पारियों में नियुक्त की जाती हैं व निर्देशित किया जाता है कि अपने क्षेत्र में कार्यरत कार्मिक, जिनमें कम्प्यूटर अनुदेशक, अध्यापक, मंत्रालियक कर्मचारी इत्यादी कम्प्यूटर दक्ष कार्मिकों की नियुक्ति सुनिश्चित करें।

उक्त कार्य हेतु बीएलओ द्वारा प्रतिदिन गणना प्रपत्र (बाद पूर्ति) संकलित किये जाकर संबंधित पंचायत मुख्यालय, शहरी क्षेत्र में गठित टीम प्रभारी को उसी दिन गणना प्रपत्र उपलब्ध करवाये जायेंगे तथा उक्तानुसार गठित टीम एवं बीएलओ के द्वारा उसी दिन समस्त गणना प्रपत्रों को ऑनलाईन इन्द्राज किया जायेगा।

# नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

पुष्य नक्षत्र पर शहर के राजकीय आयुर्वेद औषधालय बापूनगर में बुधवार को नि:शुल्क आयुर्वेदिक टीकाकरण मंत्रौषधि सुवर्णप्राशन संस्कार आयोजित किया गया। इसमें 1 माह से 16 वर्ष तक के 350 बच्चों को सुवर्णप्राशन की निशुल्क ड्राप पिलाई गई। शिविर में 100 लोगों की बीपी और शुगर की जांच की गई, जबकि 450 से अधिक लोगों को अन्य बीमारियों पर परामर्श दिया गया।

आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ उगन्ता मीणा ने बताया कि निशुल्क स्वर्ण प्राशन प्रति माह पुष्य नक्षत्र में कराया जाएगा। स्वर्ण प्राशन से बच्चों की बौद्धिक क्षमता, ताकत, एकाग्रता, पाचन शक्ति, सर्वांगीण विकास, सीखने की क्षमता, रोग प्रतिरोधक क्षमता और महामारी से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति के मुताबिक सोलह संस्कारों में पहला संस्कार स्वर्ण प्राशन संस्कार होता है। इसमें स्वर्ण भस्म को देशी घी और शहद के साथ घोटकर ड्रॉप्स तैयार की जाती है। इस मौके पर ज्योति, निर्मला बैरवा का विशेष सहयोग रहा।

# विधायक मीणा एवं प्रधान प्रतिनिधि शर्मा, प्रभात फेरी में शामिल हुए

## वही क्षेत्र में विकास कार्यों का शिलान्यास, लोकार्पण किया

स्मार्ट हलचल | पंडेर



जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत खजूरी के झिकरी गांव में बुधवार को आयोजित हरि बोल प्रभात फेरी कार्यक्रम में ग्रामीणों के आग्रह पर विधायक गोपीचंद मीणा एवं प्रधान प्रतिनिधि किशोर शर्मा पहुंचे।वहां उपस्थित प्रभात फेरी सदस्य एवं ग्रामीणों ने विधायक मीणा एवं प्रधान प्रतिनिधि शर्मा का माला साफा बंधवाकर ग्रमजोशी से स्वागत किया।वहीं हरि बोल प्रभात फेरी कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा भजन कीर्तन सहित हरि बोल के जयकारे गुजते रहे।विधायक मीणा एवं प्रधान प्रतिनिधि शर्मा ने हरी भजनों में राग मिलाते हुए भजनों का आनंद लिया।इसी प्रकार क्षेत्र के बिलेठा ग्राम पंचायत के झोपड़िया में राजकीय प्राथमिक विद्यालय में विधायक गोपीचंद मीणा द्वारा 26 लाख की लागत से नवनिर्मित दो कक्षा कक्ष का शिलान्यास किया गया।विधायक मीणा सहित प्रधान प्रतिनिधि शर्मा का स्कूल स्टाफ एवं ग्राम वासियों द्वारा स्वागत कर आभार प्रकट किया।वहीं क्षेत्र के बैई ग्राम पंचायत के मालका खेड़ा में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के 7 कक्षा कक्ष निर्माण कार्य लागत 80लाख वही सीसी सड़क माल का खेड़ा लागत 25 लाख का लोकार्पण कीया गया।कार्यक्रम मै विधायक गोपीचंद मीणा एवं प्रधान प्रतिनिधि किशोर शर्मा का 21किलो फूलों की भव्य माला पहनाकर ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया।इस दौरान पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

# हथकड़ शराब माफियाओं पर लगातार शिकंजाः आबकारी विभाग की दबिश से मचा हड़कंप, माफियाओं में दहशत का माहौल-1300 लीटर वॉश नष्ट किया

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** जिले में अवैध हथकड़ शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ आबकारी विभाग की सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। जिला आबकारी अधिकारी के के नेतृत्व में प्रहराधिकारी धोलाराम विश्नोई व मय टीम ने बीते कुछ दिनों में कई स्थानों पर दबिश देकर भारी मात्रा में वॉश नष्ट की और शराब बनाने की भट्टियां तोड़ीं। विभाग ने बुधवार को अहिंसा सर्किल के निकट नाले के पास दबिश दी वहीं पिछले दिनों कोठारी नदी क्षेत्र, आसपास के ग्रामीण इलाकों और शहर की बाहरी सीमाओं पर दबिश दी, जहां हथकड़ शराब माफियाओं द्वारा गुप्त रूप से गंदे नालो के सहारे हथकड़ शराब तैयार की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान 1300 लीटर वॉश नष्ट किया गया और जलती भट्टियां तोड़ी गई और शराब बनाने की सामग्री को नष्ट किया गया। प्रहराधिकारी धोलाराम विश्नोई ने बताया कि अवैध शराब बनाने और बेचने वालों पर अब किसी तरह की रियायत नहीं दी जाएगी। लगातार निगरानी रखी जा रही है और जो भी व्यक्ति इस धंधे में लिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इन लगातार हो रही कार्यवाहियों से हथकड़ शराब माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। कई लोग अपनी जगह छोड़कर फरार हो रहे हैं, वहीं विभाग की सक्रियता से आमजनता में भी राहत का माहौल है। आबकारी विभाग की यह मुहिम आने वाले दिनों में और तेज होने की संभावना है। सूत्रों का कहना है कि विभाग ने संवेदनशील इलाकों की लिस्ट तैयार कर ली है और अगली कार्रवाई की तैयारी पूरी है।

# पेयजल के लिए तरस रहे हैं छापरिया गांव के ग्रामीण



स्मार्ट हलचल| आसींद

उपखंड क्षेत्र आसींद की लाछुड़ा पंचायत मुख्यालय के छापरिया खेड़ा गांव मैं चंबल परियोजना का पेयजल नसीब नहीं हो रहा है । ग्रामीण और महिलाओं को दर-दर भटकना पड़ रहा है पेयजल के लिए सीता देवी लोहार समती देवी गुर्जर ने बताया कि लाछुड़ा पंचायत मुख्यालय से सप्लाई होने वाला पेयजल 6 दिन में एक बार आता है वह भी कुछ घंटे में पेयजल सप्लाई बंद हो जाती है जिससे घरों में पेयजल की पूर्ति बराबर नहीं हो रही है वहीं प्रियंका देवी वैष्णव ने बताया कि मवेशियों को पिलाने के लिए भी पानी की प्याऊ रीति पड़ी हुई है गांव में पेयजल की लगी हुई टंकी 4 वर्षो से नकारा साबित हो रही है ग्रामीण महिलाओं ने मांग की है कि चंबल परियोजना की पेयजल सप्लाई सुचारू रूप से की जाए ताकि महिलाओं को पेयजल की समस्या लिए सामना नहीं करना पड़े गांव में हेड पंप भी नहीं है ग्रामीण महिलाओं ने पंचायत प्रशासन से मांग की है कि गांव में हेड पंप लगवाया जाए एक चंबल परियोजना की पेयजल सप्लाई सुचारू रूप से की जाए।

# आसींद में स्कूली बच्चों और राहगीरों को निशुल्क काढ़ा वितरण किया



स्मार्ट हलचल| आसींद

महावीर इंटरनेशनल सेवा संस्थान आसींद द्वारा निशुल्क काढ़ा वितरण किया गया। महावीर इंटरनेशनल सेवा संस्थान आसींद एवं कंचन सेवा संस्थान उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में स्व. मंजूदेवी चौधरी (गागेडा) की पुण्य स्मृति में विश्व निमोनिया दिवस पर प्रकाशचंद चौधरी के निर्देशन में मौसमी बीमारियां से बचाव एवम् उपचार हेतु निशुल्क काढ़ा वितरण एवं निमोनिया के लिए जानकारी प्रदान की गई। राजकीय शंकरदेव भारतीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को एवं अमृत भारती पब्लिक स्कूल आसींद के बच्चों को साथ ही बड़ा मंदिर चौराहे पर राहगीरों एवं बच्चों को, राजकीय प्राथमिक विद्यालय प्रतापपूरा में काढ़ा वितरण किया गया। इससे सर्दी में होने वाली बीमारियों से निदान मिलेगा। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष खुबीलाल सोनी, बेबी किट प्रभारी प्रकाशचंद चौधरी, कन्वीनर ऑफ़ मेडिकल प्रभारी पूरणमल चौधरी,संस्थान के उपाध्यक्ष बोयताराम बलाई, पारसमल ओस्तवाल, लक्ष्मीलाल बंब,पारसमल तातेड, ज्ञानचंद चौधरी, जगदीश गर्ग, रमेशचंद टेलर, पंकज चौधरी, कार्यवाहक प्रधानाचार्य सिब्बा बानू, शिक्षक सुरेश चौधरी, ओमप्रकाश जोशी, उपस्थित रहे। संस्थान के अध्यक्ष खुबीलाल सोनी ने बताया कि लगभग 700 बच्चे एवं 300 राहगीरों को काढ़ा पिलाया गया। अमृतभारती पब्लिक स्कूल कि निर्धन छात्रा देवासी डांगी कि फीस के लिए महावीर इंटरनेशनल संस्था द्वारा 11000 का आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। काढ़ा वितरण भामाशाह ज्ञानचंद चौधरी के आर्थिक सहयोग से किया गया।

# फ़िल्म स्टार धर्मेंद्र के उत्तम स्वास्थ्य के लिये महा मृत्युंजय का जप

स्मार्ट हलचल| उदलियास



अगरपुरा में फ़िल्म स्टार धर्मेंद्र के उतम स्वास्थ्य के लिये महा मृत्युंजय का जप और आहुतिया दी गई । जानकारी देते हुवे समाजसेवी नारायण भदाला ने बताया कि फ़िल्म स्टार धर्मेंद्र की तबियत बिगड़ने पर उन्हें मुंबई के केंडी ब्रीच हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया , भर्ती करवाने के बाद शोशल मीडिया पर उनके मृत्यु की ग़लत जानकारी दी गई उसके बाद उनके स्वस्थ होने की खबरे लगातार आने लगी । तब उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिये भीलवाड़ा ज़िले के अगरपुरा गाँव के रोड वाले बालाजी महाराज के यहाँ महामृत्युंजय जप शुरू किया। यज्ञ में महामृत्युंजय जप की आहुतिया दी गई , नारायण भदाला ने बताया कि मृत्युंजय का जप और आहुतियां% शब्द का उल्लेख नहीं किया गया है, बल्कि यह बताया गया है कि प्रशंसक और शुभचिंतक उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं और पूजा-पाठ कर रहे हैं। फिल्म स्टार अभिनेता धर्मेंद्र हाल ही में सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती थे। नवीनतम अपडेट (12 नवंबर 2025) के अनुसार, उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और अब वह घर पर ही स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। उनके परिवार ने पुष्टि की है कि उनकी हालत स्थिर है और वह ठीक हो रहे हैं उनकी गंभीर स्वास्थ्य स्थिति की खबरों के बाद, उनके प्रशंसकों में चिंता फैल गई थी और कई लोगों ने सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से उनके स्वास्थ्य में सुधार के लिए प्रार्थनाएं और शुभकामनाएं भेजीं ओर यह जप पंडित संजय दाधीच ने किया । इस मोके पर प्रकाश तेली, गोपाल लामरोड, कैलाश भदाला, किशन चौधरी, भीमराज गाडरी, सोनू भदाला, सूखा गाडरी, उदय गाडरी, गोकुल गाडरी, गोविंद लुहार मोजूद रहे।

# दो दिवसीय मेवाड़ केसरी कुश्ती प्रतियोगिता का मेवाड़ बाल केसरी कुश्ती से होगा शुभारंभ

राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता व भारत सरकार द्वारा द्रोणाचार्य (कुश्ती) अवार्डेड महासिंह राव भी रहेंगे उपस्थित

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

एलएनजे ग्रुप की इकाई आर एस डब्ल्यू एम लिमिटेड,जवाहर फाउंडेशन व जिला यूनेस्को एसोसिएशन तथा पूर्वांचल जन चेतना समिति के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय मेवाड़ केसरी कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ मेवाड़ बाल केसरी कुश्ती से होगा।

एलएनजे ग्रुप के ओएसडी व जवाहर फाउंडेशन के प्रभारी रजनीश वर्मा ने बताया कि 13 व 14 नवम्बर को पुर रोड़ स्थित श्रम कल्याण खेल मेदान में दंगल कमेटी के द्वारा आयोजित मेवाड़ केसरी कुश्ती प्रतियोगिता में राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता व भारत सरकार द्वारा द्रोणाचार्य (कुश्ती) अवार्डेड महा सिंह राव भी शामिल होंगे।







स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने बताया कि दो दिवसीय मेवाड़ केसरी प्रतियोगिता में मेवाड़ संभाग की कई कुश्ती एकेडमी के सैकड़ों पहलवान इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में कुल विभिन्न तेरह तरह की प्रतियोगिता में मेवाड़ केसरी, मेवाड़ कुमार, मेवाड़ किशोर व महिला वर्ग में महिला मेवाड़ केसरी, महिला मेवाड़ कुमारी व महिला वीर बाला तथा ग्रीको वेट चेम्पीयन में तीन तरह की प्रतियोगिताये आयोजित की जायेगी। इसी के साथ भीलवाड़ा बाल केसरी, भीलवाड़ा अभिमन्यु, भीलवाड़ा बसंत व भीलवाड़ा महिला किशोरी इस तरह तेरह तरह की प्रतियोगिता में हर वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय को नगद पुरस्कार भी दिया जायेगा।

दंगल कमेटी के अध्यक्ष दिनेश साहनी ने बताया कि भारत सरकार की खेल क्षेत्र को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से जवाहर फाउण्डेशन, एलएनजे ग्रुप द्वारा कुश्ती प्रतियोगिता आयोजन का उद्देश्य युवाओं को कुश्ती के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को एक मंच प्रदान करना है। इस प्रतियोगिता में बाहर से आने वाले सभी खिलाड़ियों के आवास व भोजन व्यवस्था भी जवाहर फाउण्डेशन द्वारा की जायेगी। जवाहर फाउण्डेशन के संस्थापक अध्यक्ष एवं एलएनजे ग्रुप के चैयरमेन व प्रसिद्ध उद्योगपति रिजु झुनझुनवाला की सामाजिक सरोकार के साथ-साथ क्रिकेट, होकी, शतरंज सहित फुटबाल के खेल में भी हमेशा सहभागिता रही है इसी कडी में इस कुश्ती प्रतियोगिता में भी झुनझुनवाला की विशेष सहभागिता रहेगी।

# हाइवे पर दौडते ट्रेलर में लगी आग, जलकर हुआ खाक

चालक, खलासी की सुझबुझ से हादसा टला

स्मार्ट हलचल



**करेड़ा।** थाना क्षेत्र के गराडिया चौराहे के पास मंगलवार मध्यरात्रि को हाइवे पर चल रहे एक ट्रेलर में अचानक आग लग गई मगर चालक खलासी की सुझबुझ से दोनों की जान बच गई वहीं ट्रेलर पूरी तरह जल गया। जानकारी के अनुसार मनोहरपुरा निवासी ट्रेलर चालक डूगरं सिंह रावणा राजपूत व खलासी बाबु लाल भील मंगलवार रात्रि को जिदंल शा लिमिटेड कंपनी में माल लदान करने जा रहे थे मध्यरात्रि करीब 3.30 बजे गराडिया चौराहे के पास चलते ट्रेलर में आग लग गई जिस पर चालक व खलासी ने सुझबुझ के साथ ट्रेलर को सडक के किनारे खडा कर दोनों बाहर निकल कर पुलिस थाना व दमकल विभाग मे सूचना दी जिस पर दीवाना उमराव मय जाप्ता के साथ मौके पर पहुचे वहीं मौके पर पहुंच कर दमकल के माध्यम से आग पर काबू पाया। प्रथम दृष्टया आग शार्ट सर्किट के कारण लगी है वहीं ट्रेलर पुरी तरह जल गया। वहीं पुलिस इस घटना की जांच कर रही है।

# शाहपुरा में फिजिशियन के तबादले से आमजन में आक्रोश

स्मार्ट हलचल| शाहपुरा




लंबे समय से शाहपुरा अस्पताल में फिजिशियन (चिकित्सक) के पद पर डॉक्टर नहीं होने से आमजन काफी परेशान थे। हाल ही में फिजिशियन के पद पर डॉक्टर की नियुक्ति होने से लोगों को कुछ राहत मिली थी। मगर जानकारी के अनुसार अब उनका भी तबादला केकड़ी कर दिया गया है। अचानक हुए इस तबादले से शाहपुरा की जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र के मरीजों को फिर से विशेषज्ञ परामर्श के लिए बाहर जाना पड़ेगा। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द शाहपुरा अस्पताल में स्थायी फिजिशियन की नियुक्ति की जाए ताकि मरीजों को राहत मिल सके।

# अफीम की फसल पर बेमौसम बारिश की मार, कई किसानों ने दुबारा की बुवाई



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** भारत सरकार ने अफीम किसानों के लिए अफीम पॉलिसी समय से पूर्व ही जारी कर दी, लेकिन बेमौसम बारिश से अफीम फसल बुवाई में देरी हो रही, कई किसानों ने दुबारा से बुवाई कर रहे। बद्रीलाल तेली प्रातः अध्यक्ष अफीम किसान संघर्ष समिति राजस्थान ने बताया कि किसानों ने अपने खेत भी तैयार कर लिए थे, भीलवाड़ा डिवीजन में लुवाई वाले लगभग 6000 किसान व सी पीएस वाले लगभग 900 किसान है, जिनको बे मौसम बारिश ने आर्थिक नुकसान हुआ बहुत से किसानों ने समय पर बुवाई कर दी पर बे मौसम बारिश होने की वजह से वह दोबारा बारिश चार-पांच दिन के अंतराल पर वापस आने से बहुत से अफीम किसानों की अफीम फसल उग नहीं पाई, वह बहुत से किसानों की फसल बारिश की वजह से क्यारियां पानी से भर गई, इस वजह से नहीं उग पाई ठीक ऐसे ही भीलवाड़ा डिवीजन में लगभग सभी अफीम उत्पादक गांव में बहुत से किसान जिनको दोबारा बुवाई करनी पड़ी और बहुत से किसानों ने तो अभी एक-दो दिन में ही बुवाई की बहुत से किसान अब बुवाई करने की विचार कर रहे, मांडलगढ़ क्षेत्र में अभी भी बारिश के पानी की नमी होने की वजह से बहुत से अफीम किसान अफीम बुवाई नहीं कर पा रहे हैं, यही हाल बिजोलिया व जहाजपुर का है कोटडी क्षेत्र में बहुत से किसानों ने समय पर बुवाई कर दी, मौसम बारिश ने उनके सपनों पर पानी फेर दिया और किसानों को फसल उग नहीं पाई वह दोबारा बुवाई कर रहे हैं, बहुत से किसान दो बार भी बुवाई कर चुके हैं, फसल उगाने से पहले ही किसानों को आर्थिक नुकसान हो चुका है, जिनकी फसल जम गई है या हो गई है उनको भी पीलिया रोग हो करके जड़ गलन हो रहा है, जिससे पौधे सुख रहे हैं, आने वाले समय में मौसम अनुकूल नहीं रहा, तो इस वर्ष अफीम किसानों को अत्यधिक नुकसान होने की संभावना रहेगी।

# मेवाड़ चैम्बर द्वारा जीएसटी बचत उत्सव एवं सेन्ट्रल जीएसटी पर आपसी परिसंवाद कार्यशाला

मानद महासचिव आर के जैन, सीए एस पी झंवर, निर्यातक जीसी जैन, योगेश लड्ढा ने उठाये विभिन्न मुद्दे, हुई परिचर्चा

स्मार्ट हलचल




**भीलवाडा।** मेवाड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री की ओर से बुधवार को अपरान्ह मेवाड़ चैम्बर भवन में जीएसटी बचत उत्सव एवं सेन्ट्रल जीएसटी पर आपसी परिसंवाद कार्यशाला में रिवर्स चार्ज पर इनपुट टेक्स क्रेडिट एवं जीएसटी रिफण्ड के संबंध में सर्कुलर संख्या 197/09/2023 जीएसटी दिनांक 17.07.2023 के परिपेक्ष में तथा निर्यातकों के शिपिंग बिल को कॉरिलेट कर रिफण्ड क्लेम को रिजेक्ट करने, जीएसटीआर 2बी में डाटा मेच के संबंध मे एवं अन्य मुद्दो पर गम्भीर परिचर्चा हुई। उद्यमियों की ओर से मानद महासचिव आर के जैन, सीए एस पी झंवर, निर्यातक जी सी जैन, योगेश लड्ढा ने विभिन्न मुद्दे उठाये। उद्यमियों की ओर से उठाये गये विभिन्न विषयों का उदयपुर संभाग के अतिरिक्त आयुक्त अरविंद कुमार सिंह ने विस्तार से स्पष्ट किया। मेवाड़ चैम्बर के मानद महासचिव आरके जैन ने बताया कि कार्यक्रम में उद्यमियों की ओर से मानद महासचिव आरके जैन, सीए एसपी झंवर, निर्यातक जीसी जैन, योगेश लड्ढा ने विभिन्न मुद्दे उठाये। सेन्ट्रल जीएसटी की उदयपुर संभागीय आयुक्त अमिता सिंह कार्यशाला के लिए भीलवाडा कार्यालय से मेवाड चैम्बर के लिए रवाना होने के बाद मुख्यालय से कुछ विशेष कार्य आने कार्यक्रम में नही आ पायी। कार्यशाला के प्रारम्भ में उदयपुर संभाग के अतिरिक्त आयुक्त अरविंद कुमार सिंह, भीलवाडा के एसजीएसटी के अतिरिक्त आयुक्त हितेन्द्र त्रिवेदी, भीलवाड़ा के सहायक आयुक्त (भीलवाडा सिटी) बलराम मीणा, सहायक आयुक्त (भीलवाडा ग्रामीण) अजय कुमार मोदी, एसजीएसटी उपायुक्त काना राम का चैम्बर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ आरसी लोढ़ा, पूर्वाध्यक्ष जीसी जैन, संयुक्त सचिव एनके जैन, आईसीएआई, आईसीएसआई एवं टेक्सबार एसोसियेशन के पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

# 108 एंबुलेंस में गूंजी किलकारी



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** सवाईपुर आदर्श राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर संचालित 108 एंबुलेंस में बुधवार को फिर से किलकारी गूंज उठी । 108 चालक हरीशंकर शर्मा ने बताया कि बुधवार सायं को क्षेत्र के बोरखेड़ा गांव से प्री डिलीवरी को लेकर चिकित्सालय जा रहे थे, इसी दौरान बीच रास्ते में महिला मनभर पति अनिल भील को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई, इस पर बीच रास्ते में ही एम्बुलेंस गाड़ी को रोक कर 108 ईएमटी आयुष कुमार गौतम ने प्रसूता की सुरक्षा डिलीवरी करवाई, जिसमें महिला ने लड़के को जन्म दिया । इसके बाद दोनों जच्चा-बच्चा को सुरक्षित सवाईपुर पीएससी में भर्ती करवाया गया, जहां दोनों स्वस्थ हैं।

# जीतो भीलवाड़ा लेडिज विंग टीम द्वारा 'विविंग वंडर' इंडस्ट्रीयल विजिट का आयोजन

जीतो लेडिज विंग की सदस्याओं ने की जेपीएल फैक्ट्री की विजिट, समझी कपड़ा निर्माण की प्रक्रिया

जेपीएल इंडस्ट्री के डायरेक्टर साहिल बाबेल एवं प्रकाश नाहर ने दी टेक्सटाइल उद्योग में हो रहे नवाचारों के बारे में जानकारी

स्मार्ट हलचल



**भीलवाडा।** जीतो लेडिज विंग भीलवाड़ा चैप्टर द्वारा उद्योगों की कार्यप्रणाली को जानने समझने की पहल के रूप में ''स्वयम'' जेबीएन प्रोजेक्ट के तहत 'विविंग वंडर' इंडस्ट्री विजिट का आयोजन किया गया। इसके तहत मण्डपिया चौराहा स्थित जेपीएल इंडस्ट्री का विजिट किया गया। जीतो लेडिज विंग भीलवाड़ा की चेयरपर्सन नीता बाबेल एवं चीफ सैकेट्री अर्चना पाटोदी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में इस विजिट की रूपरेखा तैयार हुई थी। प्रोजेक्ट कन्वीनर अंकिता सेठी एवं नीतू चोरड़िया, को-कन्वीनर प्रीति जैन एवं अमिता बाबेल के नेतृत्व में हुई इस विजिट का लक्ष्य जीतो लेडिज विंग की सदस्यों को वस्त्र निर्माण प्रक्रिया, रंगाई, फैब्रिक फिनिशिंग तकनीकों की प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करना था। जेपीएल इंडस्ट्री के डायरेक्टर साहिल बाबेल एवं प्रकाश नाहर ने लेडिज विंग की सदस्यों को टेक्सटाइल उत्पादन की विभिन्न प्रक्रियाओं, आधुनिक मशीनरी के उपयोग, क्वालिटी स्टैंडर्ड्स तथा टेक्सटाइल उद्योग में हो रहे नवाचारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सदस्यों की वस्त्र निर्माण प्रक्रिया से जुड़ी जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। इस औद्योगिक भ्रमण से सदस्यों को वस्त्र उद्योग के कार्य संचालन को गहराई से समझने का अवसर मिला ओर उन्हें भविष्य में इस क्षेत्र में अधिक बेहतर कार्य किस तरह हो सकता ओर आने वाले समय की संभावनाओं व अवसरों के बारे में भी जानने समझने का मौका मिला। यह कार्यक्रम सीखने, आत्मविश्वास बढ़ाने, उद्यमिता की तरफ अग्रसर होने तथा जीतो लेडिज विंग के सदस्यों के बीच नेटवर्किंग का एक उत्कृष्ट माध्यम बना। इंडस्ट्रीयल विजिट के दौरान जीतो लेडिज विंग की वनिता बाबेल, रजनी सिंघवी, सुमन लोढ़ा, कविता नाहर, रीना सिसोदिया, सुनीता जामड़, सुमन लोढ़ा, रश्मि जैन, आकांशा सहित कई सदस्य मौजूद थी।

# दुकान से चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की वारदात को दिया अंजाम

स्मार्ट हलचल| बिजौलिया



कस्बे के रोडवेज बस स्टैंड स्थित श्याम रेस्टोरेंट में मंगलवार रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। रेस्टोरेंट संचालक श्याम पाराशर पुत्र ओमप्रकाश पाराशर निवासी राणाजी का गुढ़ा ने मामले की रिपोर्ट थाने में दी है।

पाराशर ने बताया कि वह रोज की तरह मंगलवार रात होटल बंद कर ताला लगाकर घर चला गया था, लेकिन देर रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने होटल का ताला तोड़ दिया। चोरों ने दो गैस सिलेंडर और किराने का सामान चुरा लिया। सुबह घटना का पता चलने पर आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मामले की सूचना बिजौलिया थाना पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# जिला कलक्टर ने शहर में संचालित विकास कार्यों का किया निरीक्षण, विकास कार्यों की गति बढ़ाने के दिए सख्त निर्देश

स्मार्ट हलचल| बूंदी

जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने बुधवार को बूंदी शहर में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यों की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के लिए सख्त निर्देश दिए। जिला कलक्टर गोदारा ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में धीमी प्रगति पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों एवं संवेदकों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यों में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिला कलक्टर ने सबसे पहले नवल सागर झील में पर्यटन विकास के लिए करवाए जा रहे लाइट एवं साउंड शो के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य स्थल से कार्य पूर्ण होने के बाद निर्माण सामग्री तुरंत हटाई जाएं और परिसर में अच्छी तरह से साफ-सफाई रखी जाएं। उन्होंने आरसीसी कार्य को आगामी एक माह में पूरा करवाने और लाइट एंड साउंड शो का परीक्षण कार्य शीघ्र करवाने के निर्देश दिए।

नालों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश के बाद, कलक्टर ने मीरागेट क्षेत्र में निर्माणाधीन जैतसागर नाले के निर्माण कार्य की प्रगति देखी। उन्होंने यहां श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर काम को गति देने के निर्देश दिए। नाले के ले-आउट का बारीकी से




अवलोकन करते हुए उन्होंने अन्य स्थानों पर आ रहे अवरोधकों को दूर कर लंबित कार्यों को तुरंत शुरू करवाने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर शटरिंग का कार्य पूरा हो चुका है, वहां सीमेंट-कंक्रीट बिछाने का काम शुरू करवाया जाए और रिटेनिंग वॉल के पीछे मिट्टी शीघ्र डलवाई जाएं। कलक्टर ने लंका गेट क्षेत्र में भी नाले के निर्माण में बाधक बन रहे अतिक्रमण का सीमाज्ञान करवाकर कार्य शुरू करवाने के निर्देश दिए।

**अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के कार्यों का लिया जायजा**

जिला कलक्टर ने जिला चिकित्सालय परिसर में संचालित निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर में संचालित निर्माण कार्य को एक कार्य योजना बनाकर आगामी मार्च 2026 तक पूरा करवाना सुनिश्चित करें। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जावें। मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि परिसर की सड़कों पर डामरीकरण करवाया जाएं, ताकि आवागमन सुगम हो सके। इसके अलावा कार्य में नियोजित श्रमिकों की संख्या बढ़ाई जावें। उन्होंने शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक ब्लॉक के निर्माण की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने पार्किंग व स्पोर्ट कॉम्पलेक्स के कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्य तय समय सीमा में पूर्ण करें और समय पर जो कार्य पूर्ण नहीं हो रहे है, उनके मामले में नियमानुसार राशि की कटौती की जावें। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद आयुक्त धर्मेन्द्र मीणा, आरएसआरडीसी के परियोजना निदेशक राजकुमार राजौरिया, आरयूआईडीपी की अधिशाषी अभियंता सोनम शर्मा, पर्यटन अधिकारी प्रेमशंकर सैनी आदि मौजूद रहें।

## ग्राम पंचायत लाडपुरा शिविर मे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य



स्मार्ट हलचल

ग्राम लाडपुरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत परिसर में श्रीमान उपखंड अधिकारी महोदय की आदेश अनुसार बैठक का आयोजन किया गया बैठक के प्रभारी ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी गोपाल यादव, अतिरिक्त खंड विकास अधिकारी प्रभु लाल धाकड़, उदय लाल मीणा, लाडपुरा पंचायत के विकास अधिकारी रतिराम मीणा, एलडीसी भागीरथ मीणा, पीईईओ अमित कुमार सोलंकी, अध्यापक पप्पू लाल मीणा ,प्रेमचंद धाकड़ महेंद्र सिंह शक्तावत, एएनएम लाजवंती सिस्टर, ईमित्र संचालक शिव गुर्जर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दुर्गा देवी ,मंजु नाबेड़ा, राशन डीलर रेणु कुमारी मीणा, मुकेश कुमार गुर्जर ,बीएलओ सुप.19 के भगवान काबरा, पुरुषोत्तम गुर्जर छितर सिंह शक्तावत, सभी बीएलओ सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे बैठक के अंतर्गत मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण हेतू विचार विमर्श किया गया। सभी को अपना कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए।

## शोक भरे माहौल मे नेत्रदान सम्पन्न

आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान ने करवाया नेत्रदान करवाया

स्मार्ट हलचल| कोटा

कोटा के महावीर नगर विस्तार योजना निवासी सूरज बाई शर्मा के मरणोपरांत उनका नेत्रदान आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान द्वारा करवाया गया। अध्यक्ष के. के. कंजोलिया ने बताया कि सूरजबाई शर्मा की मृत्यु की सूचना प्राप्त होने के बाद उनके पुत्र योगेश कुमार शर्मा की सहमति पर नेत्रदान सम्पन्न हुआ। ज्योति मित्र डा.अमित राठौड़ ने बताया कि सूरज बाई शर्माकी स्वाभाविक मृत्यु हुई। ईबीएसआर के टेक्नीशियन टिंकू ओझा ने बताया कि सूरज बाई शर्मा का स्वर्गवास



सुबह 4.00 बजे हो गया इसके बाद सुबह 11 बजे स्व निवास पर उपरान्त परिजनों से वार्ता कर नेत्रदान प्रक्रिया सम्पन्न की गई। सूरज बाई शर्मा अपने जीवन के 80 बसंत देख चुके थे। आई बैंक सोसायटी के टेक्नीशियन टिंकू ओझा ने नेत्रदान प्रक्रिया को पूरा किया गया।

## कबड्डी के मैदान में गूंजा जोश, दाँव-पेंच ने जीता दर्शकों का दिल

'एक जिला, एक खेल - कबड्डी' अभियान के तहत बालक वर्ग की प्रतियोगिता में बरूंधन ने मारी बाज़ी

स्मार्ट हलचल| बूंदी

जिला कलक्टर अक्षय गोदारा के मार्गदर्शन में 'पंच गौरव : एक जिला, एक खेल' अभियान के अंतर्गत उद्योग मेला परिसर का वातावरण पूरे दिन खेल-उत्साह और जयघोषों से सराबोर रहा। बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की फुर्ती, दांव-पेंच और टीम भावना ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इस आयोजन का उद्देश्य कबड्डी को जिले की पहचान के रूप में सशक्त बनाना और युवाओं को स्थानीय स्तर पर खेल के प्रति निरंतर प्रेरित करना रहा।

जिला खेल अधिकारी हर्षवर्धन सिंह चुंडावत के संयोजन में जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आई 12 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और एक से बढ़कर एक मुकाबलों में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।




उत्साही दर्शकों की तालियों और नारों के बीच हुए इन रोमांचक मुकाबलों में बरूंधन की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान, बाजड़ की टीम ने द्वितीय स्थान तथा केंद्रीय विद्यालय बूँदी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीमों को क्रमशः 11,000, 7,000 और 5,000 के नकद पुरस्कार तथा स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। दिनभर चले मुकाबलों में खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बनता था। मैदान में हर अंक पर गूंजती तालियाँ, खिलाड़ियों के संघर्ष और दर्शकों का उत्साह - यह सब मिलकर माहौल को ऊर्जा और रोमांच से भर देता रहा। खेल के प्रति समर्पण और एकजुटता की झलक हर टीम के प्रदर्शन में साफ दिखाई दी।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा रहे। अध्यक्षता महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक भैरूप्रकाश नागर तथा विशिष्ट अतिथि जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक संजय भारद्वाज रहे। पैराओलंपिक मेडलिस्ट कोच सुदर्शन मीणा, फुटबॉल संघ सचिव फ़जलुद्दीन सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि 'कबड्डी केवल एक खेल नहीं, बल्कि यह हमारे गाँवों की मिट्टी की महक और युवाओं की ताक़त का प्रतीक है।'

'एक जिला, एक खेल - कबड्डी' पहल के अंतर्गत बूँदी जिले में प्रशिक्षण शिविर, प्रतियोगिताएँ और जनजागरूकता गतिविधियाँ निरंतर आयोजित की जा रही हैं, ताकि यह पारंपरिक खेल नई पीढ़ी में लोकप्रिय बने और बूँदी के खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर सकें।

## रायला में भक्तिभाव और उत्साह के साथ मनाया गया बाबा भेरू नाथ का जन्मोत्सव



स्मार्ट हलचल | रायला

बुधवार को काल भैरव अष्टमी के पावन अवसर पर रायला के स्टेशन खेडा व रायला क्षेत्र के सटीक गांव बागा का खेड़ा में बाबा भेरू नाथ का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और उत्साहपूर्वक मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे दिन भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा।

शाम को बाबा भेरू नाथ की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया गया और भव्य आतिशबाजी के साथ मावे का केक काटा गया। गांव के युवाओं ने आतिशबाजी से आसमान रोशन कर दिया, वहीं महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में भक्ति गीतों पर झूमती नजर आईं।

ग्रामवासियों ने मिलकर ब्रह्मभोज का आयोजन भी रखा, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने श्रद्धा भाव से भोजन प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में छोटे-बड़े सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे गांव में भक्ति व उल्लास का माहौल छा गया। भक्तों ने बाबा भेरू नाथ के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजा दिया, वहीं आयोजकों ने इस परंपरा को आगे भी इसी तरह श्रद्धा और एकता के साथ मनाने का संकल्प लिया।

वीसी रूम में लटका रहा ताला

## जयपुर से होने वाली पशुपालन विभाग की वीसी में नही ले पाए कर्मचारी भाग

स्मार्ट हलचल । सुनेल

बुधवार को सुबह 11 बजे से पंचायत समिति सुनेल की वीडियो कॉन्फ्रेंस रूम का प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की लापरवाही के चलते ताला नहीं खुलने से पशुपालन विभाग की जयपुर निदेशालय से हो रही वीडियो कॉन्फ्रेंस नहीं हो पाई। पशुपालन विभाग की वीडियो कॉन्फ्रेंस में भाग लेने आए सदस्यों ने बताया कि जयपुर निदेशालय से पशुपालन विभाग की उपखंड स्तरीय महत्वपूर्ण तथ्यों पर वीडियो कॉन्फ्रेंस मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होनी थी लेकिन सुबह 11 बजे जब पंचायत समिति के वीडियो कॉन्फ्रेंस



के लिए पहुंचे तो इस रूम का ताला लगा हुआ था इसका ताला खुलवाने के लिए प्रोग्रामर को अवगत करवाया तो उन्होंने बताया कि मेरी ड्यूटी कहीं ओर लगी हुई है यहां पर ताला नहीं खुल पाएगा इसके बाद पशुपालन से संबंधित सदस्यों ने कई बार रिक्वेस्ट करने के बावजूद भी ताला नहीं खोला गया जिससे विभाग के महत्वपूर्ण तथ्यों पर होने वाली वीसी में भाग नहीं ले पाए।

## ग्राम पंचायत रियाणा के किसानों के खेतों में भरे हुए पानी को निकालने व स्थाई ड्रेन बनाए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल| बूंदी

ग्राम पंचायत रियाणा के किसानों के खेतों में भरे हुए पानी को निकालने हेतू वह स्थाई ड्रेन बनाए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सोपा । ज्ञापन में लिखा है कि किसान ग्राम पंचायत रियाणा तहसील रायतल के काश्तकार हैं । काश्तकार हर वर्ष की भाती भी इस वर्ष भी सब काश्तकारो के द्वारा करीब 800 से 850 बीघा भूमि में भरे हुए पानी को निकालने हेतु काश्तकारो के द्वारा पहले भी तहसीलदार को तहसील रायतल में आवेदन पेश किया था जिस पर तहसीलदार रायतल द्वारा मौके पर जाकर खेतों में भरे हुए पानी को निकालने के लिए आम रास्ते में



जेसीबी की मदद से तीन जगह पर कट लगाया था जिससे पहले ब्लॉक के किसानों के खेतों के पानी कि निकासी होने लग गई थी लेकिन दूसरे ही दिन दूसरे ब्लॉक के प्रभावशाली किसानों ने आम रास्ते में लगे वक्त कटो को बंद कर दिया जिसके कारण पहले ब्लॉक के किसानों की करीब 800 बीघा दान की पक्की हुई फसल को काटना नामुमकिन हो गया है । धान की फैसले करीब 4 माह की हो गई है तथा फसल को यदि समय पर नहीं काटा गया तो किसानों को भयंकर हानि होने की संभावना है तथा किसानों के रोजी-रोटी भी फसलों से ही चलती है जब तक किसानों के खेतों से पानी का निकास नहीं होगा जब तक किसान रवि की फसल नहीं बोह सकेगा ग्राम पंचायत रियाणा के किसानों के द्वारा कलेक्टर को खेतों में भरे पानी समस्या के रियाणा पंचायत से बाबूलाल हर्षल, रामदेव हर्षल, रामकिशन हर्षल, पन्नालाल हर्षल, सांवरिया, प्रेम शंकर, बुद्धि प्रकाश, नरेश, भंवरलाल, रामहेत, भरत कुमार, लेखराज हर्षल आदि पानी कि समस्या से अवगत करवाया। यदि कलेक्टर ने पानी की समस्या का निवारण नहीं करवाया तो रियाणा पंचायत के किसानों के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

## पुलिस ने चोरी के मामले में 2 गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | बानसूर

नारायणपुर थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी रोहिताश कुमार ने बताया कि मुण्डावरा निवासी मुकेश सैनी सीमेंट के पीलर बनाने का काम करते हैं। जुलाई माह में बरसात के कारण उनका प्लांट बंद था। इसी दौरान मौका पाकर दो युवकों ने प्लांट से पिलर निर्माण में उपयोग होने वाली 33 लोहे की प्लेटें चोरी कर ली थीं।चोरी की इस घटना का खुलासा तब हुआ जब मुकेश सैनी के बड़े भाई बजरंग सैनी ने थाने में दोनों संदिग्ध युवकों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और चोरी की वारदात से संबंधित साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान पुलिस को तकनीकी साक्ष्य



और मुखबिर की सूचना मिली, जिसके आधार पर आरोपियों की गतिविधियों का पता चला। इसके बाद पुलिस ने मुण्डावरा निवासी कैलाश पुत्र मातादीन रैगर और सूरज पुत्र जगदीश प्रसाद वर्मा को गिरफ्तार कर लिया हैं। दोनों आरोपियों को थाने लाकर पूछताछ की गई, जिसमें प्रारंभिक रूप से चोरी में उनकी संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

## राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलक सागर को भीलवाड़ा में चातुर्मास हेतु श्रीफल भेंट



स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** उदयपुर में विराजमान परम पूज्य आचार्य 108 श्री पुलकसागर महाराज ससंघ को वर्ष 2026 के चातुर्मास हेतु भीलवाड़ा जैन समाज द्वारा श्री फल भेंट किया। इस अवसर पर समाज के प्रवीण चौधरी, जयकुमार पाटनी, अनिल पाटनी, प्रेमचन्द सेठी, महेन्द्र सोगानी, दीपक अजमेरा, मनीष शाह, सुनील शाह, अनिल जैन, जिनेन्द्र पाटनी, नवीन चौधरी, मनोज भैंसा सहित समाज जन मौजूद थे। आचार्य पुलकसागर महाराज ने भीलवाड़ा में चातुर्मास की संभावना से इनकार नहीं किया और सकारात्मक आश्वासन दिया।

## नवंबर में बन रहा ग्रहों का अद्भुत संयोग, जीवन के हर क्षेत्र पर पड़ेगा असर -ज्योतिषाचार्य योगेंद्र शर्मा

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ज्योतिषाचार्य पं. आचार्य योगेंद्र शर्मा ने कहा है कि नवंबर माह ग्रहों की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहने वाला है। इस महीने पांच प्रमुख ग्रहों की चाल बदलने से देश-दुनिया सहित मानव जीवन के हर क्षेत्र पर असर देखने को मिलेगा।

आचार्य योगेंद्र शर्मा ने बताया कि मंगलवार को देवगुरु बृहस्पति (गुरु) वक्री होकर कर्क राशि में प्रवेश करेंगे, जो आत्ममंथन, विचारों की नई दिशा और आध्यात्मिक उन्नति का संकेत है। इस परिवर्तन



से शिक्षा, धर्म, और शोध कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि 16 नवंबर को सूर्य वृश्चिक राशि में गोचर करेंगे, जिससे कुछ राशियों के जातकों को नौकरी, पद-प्रतिष्ठा और मान-सम्मान में वृद्धि होगी। वहीं सोमवार को बुधदेव वक्री होकर 23 नवंबर को तुला राशि में प्रवेश करेंगे, जिससे व्यापार और वाणी से संबंधित कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। व्यापारी वर्ग और मीडिया से जुड़े लोगों को इस अवधि में लाभ के अवसर मिलेंगे।

आचार्य शर्मा ने बताया कि महीने के अंत में 28 नवंबर को शनिदेव मार्गी होंगे, जिससे मेष, वृषभ, तुला और धनु राशि के जातकों को राहत मिलेगी तथा लंबे समय से रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। यह अवधि कर्मफल के सिद्धांत को मजबूत करने वाली होगी।

उन्होंने कहा कि यह महीना नए आविष्कारों, तकनीकी प्रगति और व्यापारिक गतिविधियों में तेजी लाएगा, वहीं प्राकृतिक आपदाओं, सीमाई तनाव और राजनीतिक हलचल की आशंकाएं भी बन सकती हैं। आचार्य योगेंद्र शर्मा ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनावों पर भी ग्रहों की यह चाल असर डालेगी। ग्रहों की स्थिति के अनुसार राजनीतिक समीकरणों में अप्रत्याशित परिवर्तन संभव है। कुल मिलाकर नवंबर का महीना परिवर्तनशील ऊर्जाओं और नए अवसरों से भरा रहेगा, जो समाज के हर वर्ग को प्रभावित करेगा।

## सद्गुणों से आलोकित हो जीवन, तभी सार्थक है पूजा–आर्यिका श्री विभाश्री माताजी

स्मार्ट हलचल| कोटा

रिद्धि-सिद्धि नगर स्थित श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में विराजमान गणिनी आर्यिका श्री 105 विभाश्री माताजी ने बुधवार को अपने प्रभावशाली प्रवचन में कहा कि व्यक्ति को सद्गुणों से अपने जीवन को आलोकित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, क्षमा और मैत्री जैसे गुण मनुष्य को जीवन के उच्चतम शिखर तक पहुंचाते हैं।

माताजी ने कहा कि सम्यक दृष्टि, ज्ञान और आचरण के माध्यम से ही आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने जीवन में संयम, शुद्ध विचार और ब्रह्मचर्य को सर्वोपरि बताया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने कर्मों की शुद्धता पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि बाह्य पूजा तभी सार्थक होती है जब अंतरात्मा निर्मल हो।

आर्यिका श्री ने कहा कि जैसे गंदे पात्र में भरा हुआ जल स्वच्छ नहीं हो सकता, वैसे ही दूषित मन से की गई आराधना भी निष्फल रहती है। अतः आत्मशुद्धि ही सच्चे पूजन का आधार है। उन्होंने धर्म के वास्तविक



स्वरूप को आत्मा की शुद्धि से जोड़ा और कहा कि जब तक मनुष्य भीतर से निर्मल नहीं होता, तब तक मोक्ष मार्ग का द्वार नहीं खुलता।अंत में उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में सदाचार, करुणा और धर्मनिष्ठा को अपनाकर समाज में सच्चे आदर्श प्रस्तुत करें।इस अवसर पर सकल दिगंबर समाज के महामंत्री पदम बड़ला, मंदिर अध्यक्ष राजेन्द्र गोधा, मंत्री पंकज खटोड, कोषाध्यक्ष ताराचंद बड़ला, पारस कासलीवाल, पारस लुहाड़िया, पारस आदित्य, सेवानिवृत्त न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार, निर्मल अजमेरा, महावीर बड़ला, राजकुमार पाटनी, नरेन्द्र कासलीवाल, अजीत गोधा, वर्धमान कासलीवाल, अनिल मित्तल, मनीष सेठी, संजय लुहाड़िया सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बजट में घोषणा के आठ महीने बाद भी पीएचसी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ

स्मार्ट हलचल | बानसूर

राज्य बजट 2025 में ग्राम पंचायत महनपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) खोलने की घोषणा की गई थी, लेकिन आठ महीने बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। सरकारी कवायद अब तक विभाग की फाइलों में ही अटकी हुई है, और ग्रामीणों की स्वास्थ्य सुविधाओं की उम्मीदें धूल में मिलती दिख रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि छोटी बीमारियों या चोट के इलाज के लिए भी उन्हें बानसूर और कोटपूतली के अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों से पीएचसी निर्माण कार्य तुरंत शुरू करने की मांग की है। ग्राम विकास अधिकारी बाबूलाल यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत ने भूमि का पट्टा जारी कर स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया है, लेकिन निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका। एसडीएम अनुराग हरित ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में पीएचसी निर्माण के लिए टेंडर मंजूरी की प्रक्रिया चल रही है। उनका कहना है कि जैसे ही टेंडर मंजूर होगा, निर्माण कार्य तुरंत शुरू कर दिया जाएगा, ताकि लोगों को मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। ग्रामीणों ने प्रशासन की सुस्ती पर नाराजगी जताते हुए कहा कि घोषणाओं के कागज़ी ढाँचे से ज्यादा उनके स्वास्थ्य की परवाह महत्वपूर्ण है, और इस लंबी देरी ने लोगों में निराशा बढ़ा दी है।

## जोगियों की ढाणी में एक माह से खराब पड़ी बोरिंग, ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए हो रही परेशानी

स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** ग्राम पंचायत चांदपुरी स्थित जोगियों की ढाणी में जल जीवन मिशन के अंतर्गत लगाई गई बोरिंग पिछले एक माह से ख़राब पड़ी है। इससे ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीण मनोहर लाल योगी ने बताया कि करीब तीन वर्ष पूर्व जल जीवन मिशन योजना के तहत ढाणी में बोरिंग करवाई गई थी, जिसके जरिए लगभग 25 नल कनेक्शन लगाए गए थे। लेकिन एक माह पहले बोरिंग अचानक ख़राब हो गई, जिसके बाद से ग्रामीणों को पानी के लिए भारी परेशानी



झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार जलदाय विभाग और ग्राम पंचायत कार्यालय के चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नाराज़ ग्रामीणों ने बताया कि अब तक चार बार वे अपने खर्चे पर बोरिंग को ठीक करा चुके हैं, जिसमें प्रत्येक बार करीब 7 हजार रुपये का खर्च आया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बोरिंग को ठीक नहीं कराया गया तो पुरुष और महिलाएँ मिलकर ग्राम पंचायत कार्यालय की तालाबंदी कर प्रदर्शन करेंगे। इस संबंध में ग्राम विकास अधिकारी रीना यादव ने बताया कि बोरिंग की मरम्मत के लिए मिस्त्री को बुलाया गया है, और जल्द ही बोरिंग को ठीक करा दिया जाएगा।

# रोज खा रहे धूल अब फूटा गुस्से का गुब्बारा, शंभूपुरा में खराब रोड को लेकर बाजार बंद, ज्ञापन सौंपा, आंदोलन की दी चेतावनी

स्मार्ट हलचल| ओम जैन

**शंभूपुरा।** शंभूपुरा कस्बे में खराब रोड ओर उड़ती धूल मिट्टी को लेकर रोज परेशानी झेल रहे और धूल मिट्टी खाने को मजबूर हो रहे क्षेत्रवासियों के गुस्से का गुब्बारा आखिर बुधवार को फुट पड़ा और सुबह से ही सभी व्यापारियो ने अपने प्रतिष्ठान बंद रख सबसे पहले थानाधिकारी शंभूपुरा को ओर फिर मुख्यालय पहुंच जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप अपनी परेशानी बताते हुए 3 दिन में समाधान की मांग की।

जिला कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बताया कि शंभूपुरा मेन रोड पर नवरात्री के समय से ही रोड़ निर्माण का कार्य चलाया गया, जो अभी भी अधूरा पड़ा है, ठेकेदार द्वारा मुख्य चौराहे पर सीसी रोड बनाया गया। जिसके ऊपर ठेकेदार द्वारा काली मिट्टी डाली गई जिससे मिट्टी के धूल के गुब्बार उड़ रहे हैं, जिससे ग्रामवासी, व्यापारी, यात्रीगण ओर आमजन बहुत परेशान हो रहे हैं। जगह-जगह रास्ता जाम की समस्या रोज बनी रहती है। सड़क पर हो रहे बड़े बड़े गड्ढे से राहगीर रोजाना दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं, मांग की कि सड़क पर स्पीड ब्रेकर भी बनाया जाए, रोड़ के दोनों साइड धूल मिट्टी की सफाई एवं पक्की नाली व सड़क बनाई जाए।

ज्ञापन सौंप निवेदन किया कि ठेकेदार को तुरन्त तलब करके पक्की सड़क का निर्माण धूल मुक्त करने के लिए पाबंद किया जाए। सड़क पर वाहनों की आवाजाही से धूल के गुब्बार उड़ने से सर्दी जुकाम खांसी, दमा ओर पथरी जैसी भयंकर बीमारियों से आमजन त्रस्त है, जल्द समाधान की मांग की।

## सुबह की काजु कतली शाम को बेसन चक्की बन जाती

शंभूपुरा में धूल से आमजन तो परेशान है ही साथ ही मिठाई विक्रेताओं की पीड़ा सुने तो उनका कहना है कि हालात काफी दिनों से इतने खराब बने हुए है कि अगर सुबह काजु कतली बनाओ ओर खुले में रख दी जाए तो शाम तक वो बेसन चक्की लगने लगती है, काफी नुकसान हम दुकानदारों को रोज उठाना पड़ रहा है।



## कस्बे में बड़े वाहनों का प्रवेश दे रहा हादसों को बुलावा

कस्बे के सबसे व्यस्ततम मार्ग पर अंदर होकर गुजरने वाले भारी वाहनों ट्रक ट्रेलर डंपर से पूर्व में भी कई हादसे हो चुके लेकिन इस पर स्थानीय पुलिस प्रसासन द्वारा ध्यान नही देने और बड़े वाहनों को बाइपास से नही निकालने के चलते यहाँ हमेशा ही किसी ना किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है, ग्रामीणों ने बस को छोड़कर सभी बड़े वाहनों को बाहर से ही निकालने की मांग की।

## 3 दिन में समाधान नही तो रोड जाम ओर आंदोलन की चेतावनी

सड़क कार्य के प्रति ढिलाई बरतने से विभाग और ठेकेदार के खिलाफ ग्रामीणों में खासा रोष देखने को मिला, ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर बताया कि अगर तीन दिन में इस ज्ञापन शिकायत कि सुनवाई कर समस्त ग्रामवासीयो को राहत नहीं होती है तो फिर हम ग्रामवासी मजबूरन रोड जाम कर आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं व्यापार मंडल मौजूद रहा।

## कार्य चालू करवा दिया गया है

पीडब्ल्यूडी एईएन नवीन अग्रवाल ने कहा कि मंगलवार को ही मुझे इस स्थिति की जानकारी मिली तो मेने ठेकेदार को तुरन्त निर्देशित किया और बुधवार को सुबह ठेकेदार की मशीनें भी मौके पर पहुंच गई जल्द कार्य को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि आमजन को किसी तरह की समस्या ना हो।

# ईनाणी की हत्या पर व्यावसायिक जगत ने जताया आक्रोश

मेवाड़ चेम्बर ने न्यायिक जांच एवं 20 लाख की क्षतिपूर्ति की मांग की

स्मार्ट हलचल

**शंभूपुरा।** मेवाड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, चित्तौड़गढ़ की ओर से आज प्रातः कलेक्ट्रेट चौराहा पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा गया। ज्ञापन में चित्तौड़गढ़ निवासी कोरियर व्यवसायी एवं समाजसेवी रमेश ईनाणी की खुलेआम गोली मारकर की गई हत्या की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और मृतक परिवार को 20 लाख रुपये की सरकारी सहायता राशि प्रदान करने की मांग की गई।

चेम्बर के पदाधिकारियों ने बताया कि यह घटना चित्तौड़गढ़ सहित समूचे मेवाड़ क्षेत्र के व्यवसायियों में गहरा भय एवं असुरक्षा की भावना उत्पन्न कर रही है। व्यापार जगत, जो राज्य के आर्थिक विकास की आधारशिला है, आज स्वयं को असुरक्षित अनुभव कर रहा है।

चेम्बर ने कहा कि राज्य सरकार से यह अपेक्षा की जाती है कि इस जघन्य अपराध की जांच त्वरित गति से कराई जाए तथा दोषियों को कठोर दंड दिया जाए। साथ ही चित्तौड़गढ़ एवं मेवाड़ अंचल में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु विशेष अभियान चलाया जाए और मुख्य बाजारों में पुलिस गश्त एवं सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया जाए।

इस अवसर पर चेम्बर के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव सहित अनेक उद्योगपति, व्यापारी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने इस दुखद घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं, बल्कि व्यवसायिक समुदाय के मनोबल पर गहरी चोट है।

# होटल के में चल रहा था विदेशी नेटवर्क, डीएसटी व सलूंबर पुलिस की बड़ी करवाई



स्मार्ट हलचल| सलूम्बर

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार यादव के निर्देशन में थाना सलूम्बर, साइबर सेल व डीएसटी टीम की संयुक्त कार्यवाही में अमेरिका के नागरिकों को सस्ती दरों पर लोन दिलाने के नाम पर फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो मिजोरम निवासी और एक जयपुर निवासी शामिल हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से तीन लैपटॉप, चार मोबाइल फोन, तीन ब्लूटूथ हेडफोन और एक इंटरनेट राउटर जब्त किया है। एसपी राजेश कुमार ने बताया कि सलूम्बर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि देवगांव स्थित होटल भाग्यश्री के कमरा नंबर 107 में फर्जी कॉल सेंटर संचालित हो रहा है, जहाँ से विदेशों में ठगी की जा रही है। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कमरे की तलाशी ली। वहां तीन व्यक्ति लैपटॉप पर इंटरनेट कॉलिंग के माध्यम से विदेशी नागरिकों से बातचीत करते मिले।

पूछताछ में उन्होंने अपने नाम लालरामलूना निवासी आईजोल, मिजोरम, एच जोहमनगहिआ निवासी आईजोल मिजोरम, तथा अक्षय शर्मा निवासी अजय नगर, जयपुर बताए। आरोपियों ने बताया कि वे अहमदाबाद निवासी भाविन मकवाना के लिए वेतन पर कार्य करते हैं, जिसने होटल के दो कमरे किराए पर लेकर कॉल सेंटर संचालित कराया था। आरोपी इंटरनेट कॉलिंग के जरिए अमेरिकी नागरिकों को सस्ती दर पर लोन दिलाने का झांसा देते थे। बातचीत के दौरान वे पीड़ितों से सोशल सिक्योरिटी नंबर, बैंक डिटेल और पासवर्ड हासिल कर उनके खातों से राशि निकालते थे। भाविन मकवाना इन खातों से डॉलर निकालकर रुपये में परिवर्तित कर लेता था।

# विधायक आक्या की मांग पर सरकार ने पीवीसी पाइपलाईन योजना हेतु ऑनलाइन आवेदन की तिथि 31 दिसम्बर तक बढ़ाई

स्मार्ट हलचल

**शंभूपुरा।** चित्तौडगढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा को पत्र लिखकर किसानों के हित में पीवीसी पाइपलाईन योजना हेतु ऑनलाइन सब्सिडी पोर्टल पर आवेदन की तिथि बढ़ाने की मांग पर सरकार द्वारा आवेदन की अंतिम तिथि को 31 दिसम्बर 2025 तक बढा दी गई है।



गौरतलब है कि पूर्व में विभाग द्वारा पीवीसी पाइपलाईन योजना हेतु ऑनलाइन सब्सिडी पोर्टल पर आवेदन करने की अंतिम तिथी 28 सितम्बर 2025 तय की गई थी। इस पर विधायक आक्या द्वारा गत 11 अक्टुबर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा को पत्र लिख कर अवगत कराया था कि इस बार लगातार बारिश होने तथा कृषि कार्य में व्यस्तता की वजह से अनेक किसान पीवीसी पाइपलाईन हेतु आवेदन नहीं कर सके थे। राज्य सरकार की 'पीवीसी पाइपलाईन पर सब्सिडी योजना' ऑनलाइन आवेदन पोर्टल 28 सितम्बर 2025 को बन्द हो जाने से हजारों की संख्या में किसान इस योजना में आवेदन करने से वंचित रह गये जबकि किसानों को रबी की फसलों की सिंचाई करने हेतु पीवीसी पाइपलाईन की महत्ती आवश्यकता है। विधायक आक्या ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा से राज्य सरकार की इस महत्वपूर्ण किसान हितैषी योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र किसानों को मिले इस हेतु ऑनलाइन सब्सिडी पोर्टल पर आवेदन को पुनः आरंभ कराने की मांग की थी। विधायक आक्या की मांग पर कृषि विभाग जयपुर के संयुक्त निदेशक (शस्य) खेमराज शर्मा ने आदेश जारी कर पीवीसी पाइपलाईन सब्सिडी योजना हेतु ऑनलाइन सब्सिडी पोर्टल पर आवेदन की तिथि को 31 दिसम्बर 2025 तक बढाकर किसानो को राहत प्रदान की है।

# पवन कुमार रावल ने संभाला सलूंबर जिला शिक्षा अधिकारी का पद

स्मार्ट हलचल| उदयपुर



सलूंबर जिले के नए जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में पवन कुमार रावल ने पदभार ग्रहण किया। उन्हें यह जिम्मेदारी पदोन्नति के बाद सौंपी गई है। मुख्यालय पर महेश चंद्र आमेटा ने औपचारिक रूप से रावल को पदभार सौंपा और उन्हें शुभकामनाएं दीं। लसाडिया ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए रावल के नेतृत्व में ब्लॉक ने शाला दर्पण सहित कई शैक्षणिक योजनाओं में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। उनके मार्गदर्शन में लसाडिया ब्लॉक ने खेलकूद प्रतियोगिताओं और शैक्षणिक गतिविधियों में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। रावल की सक्रियता और नेतृत्व क्षमता के चलते अब उम्मीद की जा रही है कि सलूंबर जिले की शिक्षा व्यवस्था नई ऊंचाइयों को छुएगी।

# असुरक्षित वाहिनियों में बच्चों को न बैठाने की अपील, होगी जांच

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव करेंगे निरीक्षण

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशों के अनुपालन में अब उदयपुर जिले में संचालित सभी स्कूल बाल वाहिनियों की सख्त जांच की जाएगी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर ज्ञान प्रकाश गुप्ता के निर्देश पर एडीजे एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर कुलदीप शर्मा द्वारा बाल वाहिनियों का निरीक्षण किया जाएगा।

एडीजे शर्मा ने बताया कि हाल ही में समाचार पत्रों में बाल वाहिनियों की असुरक्षित स्थिति को लेकर प्रकाशित खबरों के बाद राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने इस पर स्वप्रेरणा से संज्ञान लिया है। इसके तहत उदयपुर में वर्षभर लगातार इन वाहिनियों की जांच की जाएगी ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी स्कूल बाल वाहिनियां पूरी तरह पीले रंग में रंगी हुई हों, उन पर आगे-पीछे ऑन स्कूल ड्यूटी स्पष्ट रूप से लिखा हो, और वाहन के पीछे स्कूल का नाम, पता, फोन नंबर, ड्राइवर व सहायक का नाम अंकित हो। वाहनों में जीपीएस, फर्स्ट एड बॉक्स, फायर एक्सटिंग्विशर, सुरक्षित दरवाजे, ग्रिल, इमरजेंसी एग्जिट तथा विशेष रूप से सक्षम बच्चों के लिए सुलभ प्रवेश व्यवस्था हो। साथ ही, ड्राइवर के पास वैध और भारी वाहन का लाइसेंस होना अनिवार्य है। किसी भी चालक का गंभीर दुर्घटना रिकॉर्ड पाए जाने पर उसे अयोग्य माना जाएगा। वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## अभिभावकों से अपील

श्री शर्मा ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा केवल स्कूल प्रबंधन की ही नहीं, बल्कि अभिभावकों की भी समान जिम्मेदारी है। माता-पिता यह सुनिश्चित करें कि उनके बच्चे जिस बाल वाहिनी में जाते हैं, वह सुरक्षित, पंजीकृत और मानकानुसार फिटनेस प्रमाणित हो। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि असुरक्षित या अवैध वाहिनियों में अपने बच्चों को न भेजें। स्कूल प्रबंधन से अभिभावक बैठकों में वाहिनियों की सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा करें।

# आसींद ब्लॉक की बामणी आंगनवाड़ी में 'रेसिपी ट्रायल प्रोग्राम' आयोजित

कुपोषण निवारण और पोषाहार गुणवत्ता सुधार पर जोर



स्मार्ट हलचल

आसींद। आसींद ब्लॉक की आगनवाड़ी पाठशाला बामणी में बुधवार को रेसिपी ट्रायल प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा संचालित अर्पण सेवा संस्थान के सहयोग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान अर्पण सेवा संस्थान के क्लस्टर सुपरवाइजर मोहम्मद आदिल नीलगर ने रेसिपी ट्रायल कार्यक्रम के उद्देश्य और लक्ष्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पहल का मकसद बच्चों में कुपोषण की दर को कम करना और स्थानीय स्तर पर पौष्टिक व संतुलित आहार के प्रयोग को प्रोत्साहित करना है। स्कूल के अध्यापक सुरेश कुमावत ने पोषाहार की गुणवत्ता सुधारने और संतुलित आहार की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कार्यकर्ता सुशील शर्मा, शाहीका तुलसी मेघवंशी सहित कई आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। अंत में उपस्थितजनों ने विभिन्न पौष्टिक रेसिपियों का स्वाद चखा और बच्चों के हित में नियमित रूप से इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

# विधायक आक्या फीता काटकर करेंगे होटल तुलसी की रिओपनिंग

स्मार्ट हलचल| ओम जैन

**शंभूपुरा।** चित्तोड़गढ़ शहर के निकटवर्ती सुखवाड़ा बस स्टैंड के पास चित्तोड़ उदयपुर हाइवे पर स्थित होटल तुलसी की भव्य रिओपनिंग 17 नवम्बर को होगी।

होटल मालिक ललित खटीक ने बताया कि 16 नबम्बर रविवार को सांय 8 बजे से खाटू श्याम की भजन संध्या होगी एवं बाबा शाम कि कृपा से 17 नबम्बर सोमवार सुबह चित्तोड़गढ़ विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या फीता काटकर होटल की भव्य रिओपनिंग करेंगे। ललित ने बताया कि होटल तुलसी अब ओर भी कई सुविधाओ के साथ फेमेली होटल के रूप में नए लुक में बनकर तैयार हो गई है, जहाँ हमारे ग्राहकों को सिर्फ खाना ही नही बल्कि घर जैसा खाना जो कि पूरे प्यार एव सत्कार के साथ खिलाया जाएगा।

# उदयपुर ट्रेकिंग ग्रुप ने बिराजी आशापुरा माताजी के दर्शन किए

## ताज़ी हवा और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते हुए की ट्रेकिंग

स्मार्ट हलचल| उदयपुर



उदयपुर ट्रेकिंग ग्रुप की सदस्याओं ने उत्साह और उमंग के साथ आशापुरा माताजी मंदिर की पहाड़ी पर ट्रेकिंग का आयोजन किया। ग्रुप की अध्यक्ष अनीता माहेश्वरी ने बताया कि सुबह साढ़े पाँच बजे सभी सदस्य ठोकर चौराहा से एकत्र होकर ट्रेक के लिए रवाना हुईं। मार्ग में सभी ने ताज़ी हवा और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। प्रकृति की गोद में ग्रुप की महिलाओं ने मज़ेदार ग्रुप गेम्स भी खेले, जिससे माहौल में हंसी और जोश भर गया। अध्यक्ष अनीता माहेश्वरी ने कहा कि ट्रेकिंग हमें न सिर्फ स्वास्थ्य के लिए प्रेरित करती है, बल्कि यह हमें प्रकृति और एक-दूसरे के और करीब लाती है। हमारा उद्देश्य है कि महिलाएँ खुलकर अपनी ऊर्जा और आत्मविश्वास को महसूस करें। सचिव नीलेश कोठारी ने कहा कि हर ट्रेक नई प्रेरणा देता है। हमारी टीम की एकता और उत्साह ही इस ग्रुप की असली पहचान है। ट्रेक का समापन माताजी के दर्शन और सामूहिक फोटो के साथ हुआ, जहाँ सभी के चेहरों पर संतोष और खुशी की झलक दिखी। कार्यक्रम में सुनीता भंडारी, मालेश्री शर्मा, माया शर्मा, वर्षा सोनी, शैली चोबीसा, अनू लोढ़ा, मन्जू मुंदड़ा, मन्जू पुर्बिया, प्रमिला टांक, कल्पना पुर्बिया, हेमा साहू, सोनू टांक, कविता बल्दवा, हरिप्रिया चौबीसा, वीणा बाहेती, महिमा सिंह, भूमिका सहित ग्रुप की सभी सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# श्रीनगर माहेश्वरी सभा ने सत्कार ग्रुप सोडाणी परिवार को सौपा प्रशस्ति पत्र

महेश नवमी पर्व पर आयोजित हुए रक्तदान शिविर में सत्कार ग्रुप किया सराहनीय कार्य, बनाया विश्व रिकॉर्ड



स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वाधान में श्री महेश नवमी पर्व 2025 के उपलक्ष पर आयोजित हुए रक्तदान शिविर में सत्कार ग्रुप द्वारा स्वर्गीय बाबूजी बंसीलाल सोडाणी की स्मृति में एक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया था। मिडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया की इस शिविर में एक ही दिन में, एक ही स्थान पर 1014 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया था। इस सराहनीय कार्य के लिए आईडब्लूआर फाउंडेशन जमशेदपुर ने इसे विश्व रिकॉर्ड घोषित किया और प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया। श्रीनगर माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष केदार गगरानी और मंत्री संजय जागेटिया के नेतृत्व में सत्कार ग्रुप सोडाणी परिवार का प्रशस्ति पत्र प्रदान कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया और आगे भी निरंतर इसी समाज सेवा के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर गोविंद सोडाणी, शिव सोडाणी, रघु सोडाणी, लखन सोडाणी एवं माहेश्वरी समाज के रक्तदान शिविर मुख्य प्रभारी तरुण सोमानी, महेश जाजू, राकेश काबरा, अंकित सोमानी उपस्थित रहे।

# बच्चों के लिए विशेष योग सत्र आयोजित



स्मार्ट हलचल | उदयपुर

बैटल एक्स प्री-प्राइमरी स्कूल, मिलिट्री स्टेशन, उदयपुर में इंडियन योगा एसोसिएशन की सदस्या सीमा कुमावत द्वारा बच्चों के लिए एक विशेष योग सत्र आयोजित किया गया। इस योग सत्र का उद्देश्य सर्दियों में होने वाले रोगों से बचाव एवं बच्चों की शारीरिक क्षमता को बढ़ाना था।

इंडियन योगा एसोसिएशन, उदयपुर चैप्टर की सचिव डॉ. मीना जैन बाबेल ने बताया कि सीमा कुमावत द्वारा किया गया यह प्रयास अत्यंत सराहनीय और प्रभावी सिद्ध हुआ। इस सत्र ने बच्चों को नियमित योगाभ्यास और श्वास प्रक्रिया के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी।

विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सेमर्थली विद्यालय में एक देश एक चुनाव की विद्यार्थियों के साथ संगोष्ठी संपन्न

# विद्यार्थियों के साथ साथ पूरे देश के लिए जरूरी है एक देश एक चुनाव- आंजना

स्मार्ट हलचल

**छोटी सादड़ी।** एक देश एक चुनाव अभियान को लेकर बुधवार को सेमर्थली उच्च माध्यमिक विद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें अभियान के उदयपुर संभाग प्रभारी किसान नेता सोहन लाल आंजना निंबाहेड़ा ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुवे कहा कि सभी विद्यार्थियों के साथ साथ पूरे देश के लिए जरूरी है एक देश एक चुनाव क्योंकि इसके लागू होने से देश के हजारों करोड़ रुपए की बचत होगी वहीं वोट प्रतिशत में भी पांच साल में एक ही बार में सभी चुनाव एक साथ होने से अप्रत्याशित बढ़ोतरी होगी,सभी शिक्षकों को बार बार चुनावों के काम में लगने से विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित होती है उससे भी छुटकारा मिलेगा,शिक्षक विद्यार्थियों का भविष्य बनाने में ज्यादा समय दे पाएंगे ओर तो ओर देश के विकास को तेज गति मिलेगी पांच साल में एक ही बार आचार संहिता लगेगी इतना ही नहीं नए लोगों को प्रतिनिधित्व का ज्यादा मौका मिलेगा एक ही नेता पांच वर्ष में एक चुनाव ही लड़ेगा बाकी तो पांच साल में अगल अलग समय होने वाले सभी चुनाव हर हारा हुआ नेता लड़ता है या अपने परिवार को लड़ाता है,एक चुनाव हारने पर हर नेता को पांच साल बाद ही मौका मिलेगा इससे व्यक्तिवाद और परिवार वाद से देश को मुक्ति मिलेगी सही मायने में लोकतंत्र आगे बढ़ेगा और भारत तेजी से आगे बढ़ेगा।



संगोष्ठी में सभी विद्यार्थियों ने एक देश एक चुनाव के पक्ष में संकल्प लिया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राजमल पाटीदार, उप प्राचार्य सुनील बंबोरिया, शिक्षक चमन लाल साहू, सीमा सग्गू, मनोज शर्मा, निर्मल पाटीदार, सुरेश यादव,दीपशिखा शर्मा, जगदीश धाकड़, मुरारीलाल मीणा सहित विद्यालय के छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

# सुरक्षित यातायात के लिए पुलिस की पहल: राजगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

स्मार्ट हलचल



**सादुलपुर।** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग, राजगढ़ की ओर से नंद प्लाजा मार्केट के पास (जोधपुर मिष्ठान भंडार के सामने) 12 नवंबर को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधिकारियों ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सुरक्षित यात्रा के महत्व पर बल दिया। सुबह 11:15 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में यातायात नियमों से सम्बंधित एक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका अवलोकन कर लोगों ने आवश्यक जानकारियां प्राप्त कीं।

## वरिष्ठ अधिकारियों ने किया जागरूक

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) किशोरीलाल ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं है, बल्कि लोगों को सुरक्षित रखना है। उन्होंने खासकर युवा पीढ़ी से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि आपकी सुरक्षा केवल आपके परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्र के लिए भी महत्वपूर्ण है। सहायक पुलिस अधीक्षक (आईपीएस) अभिजीत पाटिल ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जन-हानि एक गंभीर विषय है।

उन्होंने यातायात नियमों का पालन करने को एक नैतिक जिम्मेदारी बताया। पाटिल ने गति सीमा का हमेशा ध्यान रखने और नशे की हालत में वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा, 'ट्रैफिक नियम हमारी सुरक्षा के लिए बने सुरक्षा कवच हैं, इनका उल्लंघन स्वयं के जीवन को खतरे में डालना है।'

## सीआई राकेश कुमार सिहाग का संदेश

राजगढ़ पुलिस स्टेशन के थानाधिकारी (सीआई) राकेश कुमार सिहाग ने सभी उपस्थित नागरिकों से आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं नियमों का पालन करें, बल्कि अपने आस-पास के लोगों और बच्चों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने सुरक्षित यात्रा के लिए आवश्यक जानकारी देते हुए कहा कि वाहन के दस्तावेज हमेशा साथ रखें और ओवरटेकिंग करते समय विशेष सावधानी बरतें। सिहाग ने कहा कि जनता और पुलिस के बीच सहयोग से ही राजगढ़ की सड़कों को सुरक्षित बनाया जा सकता है।

## यातायात नियमों का महत्व

इस दौरान, अधिकारियों ने बताया कि छोटी-छोटी लापरवाही अक्सर बड़े हादसों का कारण बन जाती है। विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट की अनिवार्यता, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट के उपयोग तथा गलत दिशा में वाहन चलाने से होने वाले गंभीर परिणामों के बारे में विस्तार से समझाया गया। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी। यह जागरूकता अभियान इसी दिशा में पहला कदम है।

## प्रेम और प्रोत्साहन से समझाया सुरक्षा का पाठ: निःशुल्क हेलमेट वितरण

जनजागरूकता कार्यक्रम के दौरान पुलिस ने चालान की सख्ती की बजाय, प्रेमपूर्ण प्रोत्साहन का मार्ग अपनाया। इस अवसर पर, बिना हेलमेट पहने वहाँ से गुजर रहे दुपहिया वाहन चालकों को रोककर उन्हें विनम्रता से समझाया गया। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें गुलाब का फूल और चॉकलेट भेंट की, और उनसे भविष्य में हमेशा हेलमेट पहनने का संकल्प लिया। इस दौरान, पुलिस विभाग की ओर से 20 दुपहिया वाहन चालकों को निःशुल्क हेलमेट भी वितरित किए गए। अधिकारियों ने कहा कि यह हेलमेट सिर्फ उपहार नहीं है, बल्कि उनके सुरक्षित जीवन की गारंटी है।

## विद्यार्थियों ने रंगोली से दिया संदेश

कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक बनाते हुए आरएस मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इन विद्यार्थियों ने कार्यक्रम स्थल पर यातायात नियमों के पालन से संबंधित आकर्षक रंगोली बनाकर सड़क सुरक्षा का सुंदर संदेश दिया। रंगोली में बने संकेत और नारे लोगों का ध्यान खींच रहे थे और सहजता से यातायात नियमों के महत्व को समझा रहे थे। कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधिकारियों ने यह उम्मीद जताई कि आम जनता पुलिस की इस पहल का समर्थन करेगी और सुरक्षित यातायात को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएगी। इस मौके पर उपखंड अधिकारी मनोज कुमार खेमदा, परिवहन निरीक्षक रोबिन सिंह, अधिशासी अधिकारी सीताराम मीणा के अलावा निवर्तमान पार्षद हैदर अली, सुमेर सिंह गुलपुरा, यासीन खा चौहान सहित प्रमुख जन उपस्थित रहे।

# बीएलओ के कार्य की धीमी गति को लेकर एसडीएम ने जताई नाराजगी



## कार्य में लाएं तीव्रता, नहीं तो होगी कार्यवाही

स्मार्ट हलचल

**निवाई।** मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत कार्य कर रहे बीएलओ व जनप्रतिनिधियों के साथ उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा की अध्यक्षता व तहसीलदार नरेश गुर्जर की मौजूदगी में तहसील कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित हुई। इस दौरान एसडीएम मीणा ने ने शहरी क्षेत्र के लिए नियुक्त बीएलओ के कार्य की धीमी गति को लेकर नाराजगी जाहिर की। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने शहरी क्षेत्र में कार्य में शिथिलता बरतने वाले बीएलओ की शिकायत की। उपखंड अधिकारी ने सभी बीएलओ को कार्य में तीव्रता लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के सभी वार्डो से शिकायतें मिल रही हैं। तहसीलदार नरेश गुर्जर ने एसआईआर कार्य में लगे हुए सभी बीएलओ को 14 नवम्बर तक पूरा करके कार्यलय को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही बढ़ाने पर कार्यवाही की जाएगी। सभी बीएलओ वार्ड के स्थानीय पार्षद व पूर्व पार्षदों को साथ लेकर कार्य करें। ताकि पारदर्शी व गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम सफल हो सके।इस दौरान निर्वाचन कार्य देख रहे कमल सिंघल, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष नितिन छाबड़ा, भाजपा के वरिष्ठ पार्षद परसराम कुमावत, मास्टर मदनलाल वर्मा, विजय शर्मा, करणसिंह राजावत, अज़हर कुरेशी, कमलेश किराड़ व शंकरलाल सैनी सहित कार्यालय कार्मिक मौजूद थे।

# हरसौरा में कई महीनों से नहीं हुई सफाई, ठेकेदार को मिला नोटिस

स्मार्ट हलचल| बानसूर



कस्बे के निकटवर्ती हरसौरा कस्बें में साफ-सफाई व्यवस्था लंबे समय से ठप पड़ी हुई है। गंदगी और कचरे के ढेरों से परेशान ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत प्रशासन के प्रति नाराज़गी व्यक्त की है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई महीनों से कस्बे में नियमित सफाई नहीं हो रही है, जिससे नालियां जाम हैं और गलियों में बदबू फैल रही है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत में सफाई कार्य के लिए ठेकेदार को टेंडर जारी किया गया था, लेकिन ठेकेदार ने केवल दीपावली के त्योहार के दौरान ही सफाई करवाई। त्योहार के बाद से कस्बे के सभी वार्डों में कचरा जमा हो गया है, जिससे बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय निवासियों ने इस संबंध में कई बार ग्राम पंचायत कार्यालय में शिकायतें दर्ज कराई हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सफाई कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। ग्राम विकास अधिकारी टिंकू मीणा ने बताया कि ठेकेदार को सफाई कार्य का टेंडर दिया गया था, लेकिन पिछले 15 दिनों से कोई कार्य नहीं हुआ है। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि कस्बे में जल्द से जल्द नियमित सफाई शुरू की जाए, ताकि गंदगी से फैल रही दुर्गंध और मच्छरों से राहत मिल सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि ठेकेदार जल्द काम शुरू नहीं करता है, तो उसका अनुबंध रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

# महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के इंटर कॉलेज टूर्नामेंट में मोहता कॉलेज का दबदबा, 16 स्वर्ण, 7 रजत और 8 कांस्य पदक जीता

स्मार्ट हलचल



**सादुलपुर।** महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के 500 से अधिक महाविद्यालयों की इंटर कॉलेज एथलेटिक्स, बॉक्सिंग और वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन हाल ही में खालसा कॉलेज श्रीगंगानगर में किया गया। इस प्रतियोगिता में मोहता महाविद्यालय, सादुलपुर के उभरते हुए छात्र और छात्रा खिलाड़ियों ने शानदार उपलब्धियाँ अर्जित की हैं।

महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने इन प्रतियोगिताओं में 16 स्वर्ण पदक, 07 रजत पदक और 08 कांस्य पदक जीतकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल मोहता महाविद्यालय का, बल्कि पूरे राजगढ़ शहर और चुरू जिले का नाम रोशन हुआ है।

**स्वर्ण पदक विजेता**

**खिलाड़ी:**

एथलेटिक्सः अंकित कुमार (हाई जम्प), आर्यन पूनिया (हैमर थ्रो), रोहित (पॉल वॉल्ट), सचिन (डिस्कस थ्रो), आशीष (3000 मीटर और 5000 मीटर दौड़), प्रीति (ट्रिपल जम्प और लॉन्ग जम्प), किरण (डिस्कस थ्रो), निकिता पूनिया (हैमर थ्रो)।

**बॉक्सिंग:** जयकरण, चंचल, दानिश।

वेट लिफ्टिंगः विकास, अंकिता, सोनू।

**रजत पदक विजेता**

**खिलाड़ी:**

रवि (डिस्कस थ्रो), योगेश कुमार (1500 मीटर और 3000 मीटर), तनु चौधरी (डिस्कस थ्रो), रितु कुमारी (शॉट पुट), निशांत (बॉक्सिंग), सचिन (वेट लिफ्टिंग)।

**कांस्य पदक विजेता**

**खिलाड़ी:**

मुकुल (बॉक्सिंग), शुभम (बॉक्सिंग), हरीश (वेट लिफ्टिंग), नीरज (100 मीटर), पूनम (लॉन्ग जम्प और ट्रिपल जम्प), सोनू कुमारी (शॉट पुट), रितु कुमारी (वेट लिफ्टिंग)।

## महाविद्यालय में सम्मान समारोह

बुधवार को इन सभी विजेता खिलाड़ियों के महाविद्यालय पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्हें माल्यार्पण किया गया और पदक पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मोहता संस्थाओं के सी.ई.ओ. डॉ. पी.एस. राठौड़, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.एस. शेखावत, कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. अरविंद गौड़, खेल प्रभारी मनोज ढ़ाका और वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. राजबीर सिंह सहित सभी संकाय सदस्यों ने खिलाड़ियों को उनकी शानदार सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

ज्ञातव्य है कि महाविद्यालय के खिलाड़ी प्रतिवर्ष इन प्रतियोगिताओं में उत्कृट प्रदर्शन करते रहे हैं, और साथ ही महाविद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थी विश्वविद्यालय परीक्षाओं में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहे हैं।

# 6 माह से फरार चल रहे दुष्कर्म का आरोपी प्रदीप सिंह गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल| पावटा



प्रागपुरा पुलिस ने 6 माह से फरार चल रहे दुष्कर्म आरोपी प्रदीप सिह राजपूत उम्र 24साल निवासी भोनावास को गिरफ्तार किया । कोटपूतली - बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने प्रेस नोट के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि जिले में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु रेज स्तर पर एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान को सफल बनाने एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के सुपरविजन व वृत्ताधिकारी वृत विराटनगर राजेन्द्र बुरडक के निर्देशन एवं प्रागपुरा थानाधिकारी कश्मीर सिंह के नेतृत्व में अलग - अलग टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों ने अथक प्रयास करते हुए दुष्कर्म के आरोप में 6 माह से फरार चल रहे प्रदीप सिंह पुत्र विजय सिंह जाति राजपूत उम्र 24 साल निवासी भोनावास को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की।

# बानसूर में पहली बार महिला अधिकारी ने संभाली डीएसपी की कमान

## मेघा गोयल ने संभाला कार्यभार

स्मार्ट हलचल| बानसूर



नई डीएसपी मेघा गोयल ने बुधवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालते ही उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा, अपराध पर अंकुश और पुलिस व्यवस्था को पारदर्शी बनाना रहेगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की पुलिस से जुड़ी समस्या या शिकायत होने पर लोग बेझिझक पुलिस तक अपनी बात पहुंचाएं।डीएसपी मेघा गोयल ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल अपराधियों पर कार्रवाई करना ही नहीं, बल्कि जनता के बीच विश्वास कायम करना भी है। उन्होंने बताया कि पुलिस और जनता के बीच समन्वय मजबूत होने पर ही अपराधों में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द को बनाए रखना भी उनकी प्राथमिकता रहेगी। गौरतलब है कि बानसूर में डीएसपी कार्यालय खुलने के बाद पहली बार किसी महिला अधिकारी को इस पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे स्थानीय लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने आशा जताई है कि एक महिला अधिकारी के आने से महिलाओं से जुड़ी शिकायतों के समाधान में और तेजी आएगी।कार्यभार ग्रहण के अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। लोगों ने डीएसपी मेघा गोयल का स्वागत किया और उन्हें बानसूर क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शुभकामनाएं दीं।

# पुलिस ने रोहित गोदारा गैंग के सदस्य रितिक उर्फ रितु को गिरफ्तार किया

स्मार्ट हलचल



**विराटनगर (जयपुर)** । कोटपूतली थाना पुलिस क्षेत्र में पुलिस ने वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की। रोहित गोदारा गैंग का सक्रिय सदस्य रितिक उर्फ रितु को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ऋतिक पनियाला थाना मोलाहेड़ा गांव का निवासी है। इनके कब्जे से 1 देशी पिस्टल, 2 देशी कट्टे और 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए। रितिक उर्फ रितु रोहित गोदारा गैंग का सदस्य है और लंबे समय से सक्रिय था। वह गिरफ्तारी से बचने के लिए अक्सर अपना ठिकाना बदलता था और बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। रामसिंहपुरा हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ कोटपूतली थाना में विभिन्न मामलों में मुकदमा दर्ज है। अब पुलिस उससे गैंग से जुड़े अन्य सदस्यों और अवैध हथियारों के नेटवर्क की जांच कर रही है।

# महिलाओं को सशक्त बनाने को लेकर सप्तशक्ति संगम का हुआ आयोजन



स्मार्ट हलचल| पावटा

कस्बे स्थित आदर्श विद्या मन्दिर में डॉ. भक्ति चौधरी की अध्यक्षता एवं पावटा पंचायत समिति पूर्व प्रधान पूजा चौधरी के विशिष्ठ आतिथ्य में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया । माँ भारती, मॉ वीणापाणी के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वालित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने रानी लक्ष्मी बाई, जीजा बाई, पन्ना धाय जैसी वीर माताओ की सजीव झांकी प्रस्तुत की । कार्यक्रम में देश की सीमा पर रक्षा में तैनात वीर सैनिकों के परिवारो का भी सम्मान किया गया । कार्यक्रम में विद्या भारती राजस्थान बालिका शिक्षा संयोजिका प्रमिला शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए कहा कि नारियों में असीम भावनाऐं है, जिन्हे पहचानने और संवारने की आवश्यकता है । उन्होने बताया कि सप्तशक्ति संगम महिलाओ को नेतृत्व और संगठन शक्ति के विकास का मंच प्रदान करता है। मुख्यवक्ता ने महिलाओं की विकास यात्रा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा, आत्मरक्षा , स्वास्थ्य जागरूकता और उद्यमिता में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी होने से परिवार ही नही सम्पूर्ण राष्ट्र आगे बढ़ता है। विद्यालय की पूर्व छात्रा अंकिता भार्गव ने भारत के विकास में महिलाओ की भूमिका विषय पर अपने विचार रखे ।इस दौरान ज्योति शर्मा, प्रीति शर्मा, अर्चना मीणा, सीमा जाट, कोमल मिश्रा, पूजा मितल, बबीता जांगिड, प्रिया, परवीना, सहित बडी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित रही । कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की आचार्या इन्दू शर्मा ने किया।

# कम्पनी बाग में भव्य सहारनपुर खादी महोत्सव का विधायक नगर ने किया उद्घाटन

स्मार्ट हलचल | सहारनपुर

उ. प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, सहारनपुर द्वारा भव्य खादी महोत्सव, 2025-26 का आयोजन कम्पनी बाग में 11 नवम्बर से 20 नवम्बर तक किया जा रहा है।

प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक नगर राजीव गुम्बर द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के उपरान्त राजीव गुम्बर द्वारा प्रदर्शनी में विभिन्न शहरों एवं राज्यों से आयी उत्कृष्ट इकाईयों का भ्रमण कर अवलोकन किया गया तथा महात्मा गांधी जी की मूर्ति का माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया।

इस अवसर पर आर्य कन्या विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

विधायक राजीव गुम्बर द्वारा स्वदेशी उत्पादों को बढावा देते हुए अपनाने का आग्रह किया गया तथा अलग-अलग राज्यों एवं जनपदों से आयें उद्यमियों को प्रेरित किया गया एवं स्टॉलों में लगे उत्पादों की सराहना की गयी। कार्यक्रम के अंत में प्रदर्शनी के आयोजक परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी प्रदीप कुमार द्वारा विधायक राजीव गुम्बर जी एवं अन्य अधिकारी, बन्धुओ व उपस्थित आंगनवाडी कार्यकत्री, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। प्रदर्शनी में 13 नवम्बर को सायं 5.30 बजे ''खादी एक विचार'' आयोजित किया जायेगा।

इस अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, मुजफ्फरनगर सोम प्रकाश, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, शामली जुगल किशोर, ज्येष्ठ लेखा परीक्षक आर. एस. भदौरिया व खादी ग्रामोद्योग विभाग के सेवानिवृत्त तथा वर्तमान स्टॉफ उपस्थित रहें।

# विभिन्न मांगों को लेकर बिजली संविदा कर्मचारियों ने बिजलीघर पर नारेबाजी कर किया, विरोध प्रदर्शन

स्मार्ट हलचल | सहारनपुर

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बिजली संविदा कर्मचारियों ने सोमवार को दिल्ली रोड स्थित मुख्य बिजलीघर पर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। बिजली संविदा कर्मचारियों ने उर्मिला इन्टर प्राईज कम्पनी के खिलाफ जमकर हंगामा और नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने कहा कि अगर जल्द ही उनकी माँगों का निस्तारण न हुआ तो वो उग्र प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि उन्होंने माँगों को लेकर वो विभाग के आला अधिकारियों को पत्र लिखा फोन पर वार्ता किया मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। ना तो पत्र का जवाब आया, और ना ही अधिकारी मिलने के लिए तैयार हो रहे हैं। मजबूर होकर सभी कर्मचारी विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उर्मिला इन्टर प्राईज कम्पनी के अंतर्गत संविदा कर्मी कार्य करते हैं। जिनका मासिक वेतन काट लिया गया है, जबकि सभी कर्मी 24-24 घण्टे कार्य कर रहे है। इनका कोई कार्य समय यही है, फिर भी इसका वेतन काट लिया गया। जिससे उनके परिवार को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि उनका वेतन एक दिन के भीतर आ जाना चाहिए। अन्यथा उन्हें मजबूरन अनिश्चत कालीन धरना देने के लिए बाध्य होना होगा। इस दौरान आशुतोष शर्मा, ऋषि दास, अमित कुमार कवरपाल, पंचम सिंह, योगेश, शिवम शर्मा, आदिल सहित अनेक बिजली संविदा कर्मी मोजूद रहे।

# भारत ने यूएन में उठाया सीमा पार आतंकवाद, अवैध हथियारों की तस्करी का मुद्दा

स्मार्ट हलचल | न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में कहा कि वह दशकों से सीमा पार से हो रहे आतंकवाद और अवैध हथियारों की तस्करी से पीड़ित रहा है। भारत ने पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि अब सीमा पार से ड्रोन के जरिए भी हथियार भेजे जा रहे हैं। न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने यूएनएससी में %छोटे हथियारों% पर आयोजित एक खुली बहस में भारत का वक्तव्य देते हुए यह टिप्पणी की।

न्यूयॉर्क स्थित भारत के स्थायी मिशन ने 11 नवंबर को हरीश के संबोधन की एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की, जिसमें उन्होंने कहा छोटे एवं हल्के हथियारों की अवैध तस्करी और उनका दुरुपयोग आतंकवाद और सशस्त्र समूहों को बढ़ावा दे रहा है, जिससे अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा कि इन आतंकी समूहों के पास इतने आधुनिक हथियार तभी संभव हैं, जब उन्हें बाहर से वित्तीय और तकनीकी सहायता मिल रही हो। हरीश ने जोर देते हुए कहा कि यूएनएससी को ऐसे हथियारों की आवाजाही और इस्तेमाल को बढ़ावा देने वालों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनानी चाहिए।

भारत ने इस बात पर भी जोर दिया कि तस्करी को रोकने, सीमा समन्वय में सुधार, खुफिया जानकारी साझा करने और प्रवर्तन तंत्र को मजबूत करने के लिए प्रभावी अंतरराष्ट्रीय सहयोग आवश्यक है। भारत की प्रतिबद्धता दोहराते हुए, हरीश ने कहा कि देश छोटे एवं हल्के हथियारों के दुरुपयोग को रोकने को प्राथमिकता देता रहेगा, जिससे आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में योगदान मिलेगा।

भारतीय राजनयिक ने कहा छोटे हथियारों तथा हल्के हथियारों की तस्करी न केवल सुरक्षा बल्कि विकास और मानवीय पहलुओं को भी प्रभावित करती है। इन पर नियंत्रण के लिए देशों को मिलकर काम करना होगा, जिससे सीमा सुरक्षा, खुफिया साझेदारी और सूचना आदान-प्रदान को मजबूत किया जा सके। उन्होंने बताया कि भारत में यूएन प्रोग्राम ऑफ एक्शन (पीओए) और इंटरनेशनल ट्रेसिंग इंस्ट्रूमेंट (आईटीआई) को सक्रिय रूप से सहयोग के रूप में लागू किया जा रहा है।

# ग्राम विकास अधिकारियों ने चुनी नई टीम, लिया संकल्प



स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** ग्राम विकास अधिकारी संघ, उपशाखा सावर की नई कार्यकारिणी का गठन बुधवार को ग्राम पंचायत सेवा केंद्र गुलगांव में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया पर्यवेक्षक सतपाल चौधरी, शिवराज धावड़ और सुभाष बगालिया की देखरेख में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। चुनाव में सर्वसम्मति से हेमराज मीणा को ब्लॉक अध्यक्ष, देवी सिंह राठौड़ को ब्लॉक महामंत्री, मंजीत चौधरी को जिला प्रतिनिधि, जबकि राहुल कुमार बैरवा और किशन सैनी को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। निर्वाचन उपरांत ग्राम विकास अधिकारियों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूत, सक्रिय व एकजुट बनाने का संकल्प लिया।

# सौन्दर्य के संसार में खूबसूरत करियर



**खूबसूरत दिखना हर कोई चाहता है। लोगों की यही चाहत ऐसे बहुत से रोजगार पैदा कर जाती है, जिसकी आमतौर पर सामान्य छात्र कल्पना नहीं करता। कॉस्मेटोलॉजी ऐसा ही क्षेत्र है। इसमें अनेक शाखाएं हैं, जहां भविष्य की संभावनाएं तलाशी जा सकती हैं। आप हेयर स्टाइलिस्ट, शैम्पू टेक्नीशियन, नख प्रसाधक, इस्थेटिशियन, ब्यूटी थेरेपिस्ट, नेल टेक्नीशियन और इलेक्ट्रोलॉजिस्ट तक बन सकते हैं और जॉब के रूप में हजारों तथा खुद का काम करके लाखों कमा सकते हैं।**



सुन्दर दिखने की चाहत और उसके लिए तरह-तरह के नुस्खों की आजमाइश जोरों पर है। इसके लिए बाजार में सौन्दर्य प्रसाधनों व लाइफ स्टाइल के उत्पादों की बाढ़ सी आ गई है। शेविंग क्रीम हो या टूथ पेस्ट, फेस क्रीम, स्क्रीन क्रीम या फिर शैम्पू, साबुन और तेल-ये सभी आम जीवन की जरूरतों में शामिल हैं। बाजार में रोजमर्रा की मांग ने इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी खूब पैदा किए हैं। कॉस्मेटोलॉजी का कोर्स इन अवसरों के बीच ही ले जाता है। इसकी मांग को देखते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय में भी इस कोर्स को करवाया जा रहा है।



## कॉस्मेटोलॉजी के रंग

इस कोर्स में छात्रों को पहले कॉस्मेटोलॉजी की विभिन्न ब्रांच और उसके विविध रूपों की जानकारी दी जाती है। ये ब्रांच हैं हेयर स्टाइलिस्ट, शैम्पू टेक्नीशियन, नख प्रसाधक, इस्थेटिशियन, ब्यूटी थेरेपिस्ट, नेल टेक्नीशियन और इलेक्ट्रोलॉजिस्ट। इसके बाद इन क्षेत्रों में काम आने वाले विभिन्न प्रोडक्ट्स के निर्माण के बारे में बताया जाता है। मसलन शेविंग क्रीम, टूथ ब्रश, पेस्ट, फेस क्रीम, सन्सक्रीम, नेल पॉलिश आदि। कोर्स से जुड़े विशेषज्ञों की मानें तो लाइफ स्टाइल और सौन्दर्य प्रसाधन से जुड़े जितने भी प्रोडक्ट प्रचलन में हैं, चाहे वे त्वचा संबंधी हों या आंख, नाक, कान, बाल, मुंह या शरीर के किसी और अंग से, इन सबके बारे में इस कोर्स में बताया जाता है। हेयर स्टाइलिस्ट को बालों के विभिन्न रूप, उनकी कटिंग और उनमें काम आने वाले कैमिकल्स की जानकारी दी जाती है। बालों को सुंदर बनाने की कला से भी रूबरू कराया जाता है।

शैम्पू टेक्नीशियन को आमतौर पर शैम्पू बनाने की विधियां, उसमें इस्तेमाल होने वाले रसायन और उसके इस्तेमाल की तरकीबें बताई जाती हैं। नख प्रसाधन के क्षेत्र में हाथ और पैर को सुन्दर बनाने वाली पॉलिश और क्रीम आदि के बारे में बताया जाता है। साथ ही देखभाल के बारे में जानकारी दी जाती है।

इस्थेटिशियन को आमतौर पर त्वचा की देखभाल की कला सिखाई जाती है। उसे नई तकनीक के इस्तेमाल से अंग लेपन, फेशियल मसाज आदि से अवगत कराया जाता है। इसमें दक्ष इस्थेटिशियन चाहे तो स्वतंत्र रूप से सैलून या स्पा में काम कर सकता है। वह चाहे तो किसी डॉक्टर को इस क्षेत्र की प्रैक्टिस में सहायता भी प्रदान कर सकता है। इस्थेटिशियन को त्वचा की देखभाल संबंधी उत्पाद की जानकारी के साथ-साथ उसके नफे-नुकसान के बारे में बताया जाता है। त्वचा की पूरी तरह से देखभाल के कारण इसे स्किन केयर थेरेपिस्ट भी कहा जाता है।

ब्यूटी थेरेपिस्ट को मशीन द्वारा बालों को हटाना, आंखों की पुतलियां सजाना, ठीक करना जैसी चीजों के बारे में दक्ष बनाया जाता है। इलेक्ट्रोलॉजिस्ट को इलेक्ट्रोलिसिस का इस्तेमाल करना सिखाया जाता है। विद्युत तरंगों से लैस मशीन से बाल को उखाड़ना या उसे उगाना जैसे काम इसमें बखूबी किए जाते हैं। कोर्स में छात्रों को सामान्य मेडिसिन की जानकारी भी दी जाती है। हालांकि डॉक्टर की तरह इलाज करना उसका काम नहीं होता। उसे सौन्दर्य प्रसाधन से जुड़े प्रोडक्ट्स का क्या-क्या असर होगा, यह भी पढ़ाया जाता है। मोटापा बढ़ने पर वजन कम करने और आकर्षक लुक व सुडौल शरीर कैसे बने, इसका भी ज्ञान दिया जाता है। यही नहीं, उसे मानव साइकोलॉजी का भी पाठ पढ़ाया जाता है। कोर्स में एनेलिटिकल कैमिस्ट्री का भी पाठ शामिल है।

## दाखिले की प्रक्रिया

दाखिले के लिए कहीं 12वीं पास तो कहीं बीएससी या स्नातक की मांग की जाती है। कैमिस्ट्री की पढ़ाई करने वालों के लिए यह और फायदेमंद हो जाता है। यह कोर्स सरकारी और गैर-सरकारी, दोनों तरह के संस्थानों में चल रहे हैं।



## रोजगार कहां

कोर्स को करने के बाद छात्र चाहे तो खुद बॉडी केयर सेंटर खोल सकते हैं। दिल्ली जैसे शहर में इस तरह के सेंटर से लोग प्रति माह हजारों रुपए कमा रहे हैं। आप ब्यूटीशियन के लिए बतौर कंसलटेंट काम कर सकते हैं। कॉस्मेटिक प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनियों में भी काफी अवसर हैं। छात्र चाहे तो कॉस्मेटिक निर्माण की यूनिट भी लगा सकता है। जहां तक आय का सवाल है, कोई चाहे तो किसी के यहां काम करके 20 से 30 हजार रुपए भी कमा सकता है और स्वरोजगार में लाख, दो लाख रुपए महीना भी।

# क्या कहता है आपका एप्टीटयूड




**विषय अनेक और करियर भी अनेक, इतने कि किसे चुनें, किसे नहीं। इसी ऊहापोह में छात्र भटक कर रह जाते हैं। अपनी दुविधा लेकर काउंसलरों के पास आने वाले छात्रों के आंकड़े बताते हैं कि हाल-फिलहाल में छात्रों में यह असमंजस की स्थिति कहीं ज्यादा बढ़ी है। आपके इस असमंजस को सही दिशा दे सकता है एप्टीटयूड टैस्ट। किस-किस तरह के हैं ये एप्टीटयूड टैस्ट?**

अमोल संगीतज्ञ बनना चाहता है, लेकिन उसके माता-पिता उसे इंजीनियर के रूप में देखना चाहते हैं। पिता और अमोल के बीच करियर के चुनाव को लेकर काफी दिन तक खींचतान चलती रही। घर में इस कलह को दूर करने के लिए उसे काउंसलरों ने एप्टीटयूड टैस्ट कराने की सलाह दी। अमोल के एप्टीटयूड टैस्ट के बाद ही यह पता लगाया गया कि वह एक सफल संगीतज्ञ बन सकता है। टैस्ट में उसमें क्रिएटिव इनोवेशन के लक्षण ज्यादा पाए गये। इस क्षेत्र में उसकी विशेष रुचि भी देखी गई। अमोल अकेला ऐसा छात्र नहीं। उसकी तरह कई और भी छात्र हैं, जिनके जीवन को सही दिशा देने के लिए माता-पिता अब एप्टीटयूड टैस्ट कराने लगे हैं। किसी व्यक्ति की क्षमता का आकलन एप्टीटयूड टैस्ट से ही हो पाता है। उसमें इंजीनियर बनने की क्षमता है या ड्राइवर या कलाकार, इसे पता लगाने का सटीक उपाय है एप्टीटयूड टैस्ट। दिल्ली विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान के प्रो. एनके चड्ढा कहते हैं, करियर का सही चुनाव और उसमें मौजूद क्षमता के आकलन के लिए एप्टीटयूड के साथ बच्चे की रुचि भी देखी जाती है। ऐसा करने पर करियर के चुनाव में खासी मदद मिलती है। एप्टीटयूड और इंटरेस्ट, दोनों एक-दूसरे के साथ जुड़े हैं और साथ-साथ चलते हैं। अगर एक है और दूसरा नहीं तो करियर को सही दिशा नहीं मिलती।

काउंसलर गीतांजलि कुमार करियर और जीवन को सही दिशा देने में एप्टीटयूड और इंटरेस्ट के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व और शारीरिक क्षमता को भी एक कड़ी मानती हैं। वह कहती हैं, इन सबको मिला कर ही किसी को करियर या जीवन में कोई राह चुनने की सलाह दी जाती है। अगर किसी में किसी कार्य के प्रति एप्टीटयूड है, पर रुचि या करने की इच्छा नहीं तो उस दिशा में भेजना बेकार है। इसी तरह पहली दोनों चीजें हैं, लेकिन शारीरिक क्षमता या व्यक्तित्व नहीं तो ऐसे करियर के चुनाव की सलाह देना बेकार है। वह कहती हैं, व्यक्तित्व भी पॉजिटिव मोटिव देता है, इसलिए तीनों को देखना जरूरी है।

## क्यों है जरूरी

एप्टीटयूड टैस्ट ही किसी छात्र या व्यक्ति के करियर और काम की दिशा बताता है। उसकी क्षमता और रुचि को बताता है। इसके बाद उसे सही प्रोफेशन चुनने की सलाह दी जाती है। विशेषज्ञों के मुताबिक अगर ऐसा नहीं होता तो अमुक व्यक्ति में आगे चल कर कुंठा का जन्म होता है। वह काम को एन्जॉय नहीं कर पाता। ऐसी स्थिति में उसके अंदर नकारात्मक सोच हावी हो जाती है। वह विध्वंसात्मक दिमाग का हो जाता है। उसमें पहचान का संकट भी पैदा होने लगता है। एप्टीटयूड, रुचि और व्यक्तित्व के हिसाब से काम नहीं मिलने पर वह अपने पेशे में उतना सक्षम साबित नहीं होता, जितना दूसरे लोग। ऐसे में वह दूसरों को नीचा दिखाने के लिए कई बार उलटे-सीधे हथकंडे भी अपनाता है। सफलता नहीं मिलने पर वह कई बार अवसाद की स्थिति में आ जाता है और आत्महत्या को मजबूर हो जाता है, इसलिए शिक्षण संस्थानों को सरकार ने बच्चों के करियर की दिशा तैयार करने को कहा है। शिक्षण संस्थाओं में करियर एंड काउंसलिंग सेंटर आए दिन इसी वजह से खोले जा रहे हैं। यह हर संस्थान और काम की जगह की जरूरत बनती जा रही है। प्रो. चड्ढा कहते हैं, भारत में इस तरह की समस्याओं के लिए निजी प्रैक्टिशनर की ओर से जगह-जगह नगरों व महानगरों में काउंसलिंग सेंटर खुल गए हैं, लेकिन इसे चलाने वाले लोग आमतौर पर क्वालिफाइड नहीं होते। काउंसलिंग के लिए कौन सा व्यक्ति उपयुक्त है या नहीं, इसके लिए नेशनल एजेंसी बनी है। वह क्वालिफिकेशन तय करती है। गाइडलाइंस भी तैयार किए हैं।

## एप्टीटयूड टैस्ट के रूप-रंग

**लॉजिकल रीजनिंग**- एप्टीटयूड टैस्ट के कई आयाम हैं, जिनमें एक है लॉजिकल रीजनिंग। इसके तहत कार्य-कारण संबंध पर जोर होता है। किसी व्यक्ति में मानसिक स्तर पर कैलकुलेशन की क्षमता कितनी है, इसका आकलन लॉजिकल रीजनिंग के माध्यम से किया जाता है। अगर वह लॉजिकल रीजनिंग में ज्यादा स्कोर करता है तो इससे पता चलता है कि वह कायदे-कानून में रह कर कठिन से कठिन समस्याओं को हल कर सकता है। इस क्षमता से लैस युवा मैनेजर, वैज्ञानिक और व्हाइट कॉलर जॉब में जाने के उपयुक्त होते हैं।

**एब्सट्रेक्ट रीजनिंग** - इसके तहत खरा उतरने वाला युवा बिखरी हुई चीजों को एकत्रित करके प्लान के साथ काम करने में विशेष हुनर रखता है। इसमें एप्टीटयूड किस तरफ जा रहा है, उसकी दिशा क्या है, वह एक एरिया से दूसरे एरिया में लिंक कर रहा है या नहीं, यह भी देखा जाता है। सिविल और इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग में बेहतर करने वाले युवाओं में एब्सट्रेक्ट रीजनिंग हल करने की क्षमता ज्यादा पाई जाती है।

**न्यूमेरिकल रीजनिंग** - यह किसी व्यक्ति की गणितीय क्षमता की जानकारी देता है। वह गुणा-भाग करने और सांख्यिकीय सवालों को हल करने की कितनी क्षमता रखता है, इसका आकलन इसके द्वारा किया जाता है। इसे देख कर ही उसे इस विषय या क्षेत्र से जुड़े करियर में जाने की सलाह दी जाती है। मसलन सीए, गणितज्ञ और लेखाकार आदि बनने के लिए न्यूमेरिकल रीजनिंग में बेहतर होना चाहिए।

**आई-हैंड कोऑर्डिनेशन** - आमतौर टेक्निकल काम मसलन ड्राइविंग हो, पायलट या फिर किसी मशीन को चलाने के लिए मशीनमैन हो, उसमें यह एप्टीटयूड जरूर होना चाहिए। इसमें कोई व्यक्ति हाथ, पैर व आंख को काम करते वक्त कितना केन्द्रित कर पाता है, यह देखा जाता है। ऐसा व्यक्ति दुर्घटनाओं को कम करने में काफी मददगार साबित होता है। ड्राइवर, पायलट, मशीनमैन और मैकेनिकल जॉब के लिए यह एप्टीटयूड बढ़िया माना जाता है।

**क्रिएटिव इनोवेशन** - इसमें किसी व्यक्ति की रचनात्मक क्षमता का आकलन किया जाता है। उसमें कलात्मक रुझान व रुचि का पता लगाया जाता है। आमतौर पर व्हाइट कॉलर जॉब में इस तरह के लोगों की जरूरत पड़ती है। इसके तहत यह भी देखा जाता है कि वह निर्णय कितना शीघ्र और सही रूप में लेता है। उसमें फ्लेक्सिबिलिटी भी होनी चाहिए। कोई व्यक्ति स्वभाव में अड़ियल तो नहीं है। अगर उसमें फ्लेक्सिबिलिटी का स्तर बेहतर है तो उसे उच्चतम पदों की जिम्मेदारी दी जाती है। इसमें उसके अंदर बड़प्पन कितना है, इसका आकलन भी किया जाता है। एप्टीटयूड टैस्ट में ओरिजनेलिटी और मौलिकता को भी देखा जाता है। ऐसे चंद ही व्यक्ति होते हैं, जो अलग किस्म के आइडिया से लैस होते हैं। इस टैस्ट में ओरिजनल आइडिया को देखा व समझा जाता है। इसे बहुविध सोच के रूप में भी देखा जाता है। यह गुण जिसमें है, उसमें अध्यापक, लेखक, अभिनेता, संगीतज्ञ और आविष्कारक बनने की क्षमता होती है।



# प्रोफेशनल लाइफ में रख रहे हैं कदम अपनाएं ये टिप्स

कॉलेज लाइफ को अलविदा कहकर प्रोफेशनल वर्ल्ड में कदम रखने कम चुनौतीपूर्ण नहीं हैं। कई युवाओं के लिए कॉलेज ग्रेजुएशन पूरा होने और अपने पहले जॉब की शुरुआत काफी तनावपूर्ण होती है। कॉलेज पूरा करने के बाद आपको जॉब हंटिंग, इंटरव्यू देना होता है और वास्तविकता का सामना करना इतना आसान नहीं है। कॉलेज स्टूडेंट से एक प्रोडक्टिव एम्प्लॉई बनने का यह ट्रांजिशन सफल बनाने के लिए कुछ बातों को समझना जरूरी है। इन मुद्दों को समझकर और उनके लिए तैयार रहकर इस बदलाव को आसान बना सकते हैं।

कॉलेज जाने और नौकरी पर जाने में बहुत फर्क है। आप जॉब में बंक नहीं मार सकते। आप पैसे देकर ट्यूशन नहीं ले रहे बल्कि आपको पे किया जा रहा है। इसलिए ट्यूशन की तरह मन न होने पर आप काम पर नहीं जाने का मन नहीं बना सकते। आपको नौकरी में आठ घंटे तो काम करना ही पड़ता है।

कॉलेज का समय प्रयोग का समय होता है। हम यहां थोड़ा गैर जिम्मेदार हुए तो चलेगा लेकिन प्रोफेशनल लाइफ में ऐसा नहीं है। कॉलेज में गैर जिम्मेदार होने का मतलब खराब ग्रेड लेकिन वर्कप्लेस पर अनप्रोफेशनल होना मतलब आपके नौकरी की छुट्टी। प्रोफेशनल का मतलब ही सेल्फ-स्टार्टर होता है। कॉलेज से ज्यादा डेडलाइन का सामना आपको प्रोफेशनल वर्ल्ड में करना होगा।

ग्रेजुएशन या पोस्ट ग्रेजुएशन के बाद आपके दिमाग में अपना स्पष्ट करियर पाथ होना चाहिए लेकिन अगर आपका पहला जॉब अपनी योजना से मेल नहीं खाता है तो घबराइए नहीं।

कॉलेज छोड़ने और प्रोफेशनल दुनिया में कदम रखने में बहुत चीजें बदलती है। हां, अगर आप दोपहर तक सोते रहते हैं या देर रात फिल्में देखते हैं तो यह सब आपको बंद करना पड़ेगा। आपकी डाइट भी बदलेगी। लाइफस्टाइल के बदलावों के लिए तैयार रहें।

कॉलेज लाइफ खत्म होने का मतलब नहीं कि आपकी लाइफ से फन गायब हो गया। आप अभी भी ट्रेवल कर सकते हैं, दोस्तों के साथ समय बिता सकते हैं और नए व रोमांचक चीजें सीख सकते हैं। इस समय आपको देखना होगा कि किस तरह से मनोरंजन करें ताकि आप अपनी जॉब की जिम्मेदारी भी अच्छे से निभा पाएं।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com